26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 17 नवम्बर, 2026
अंक- 23 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

आज़म ख़ान को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

पत्नी और बेटे की सज़ा पर भी लगाई रोक

नई दिल्ली (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें आजम खान की सजा पर रोक लगाई गई थी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने उनकी पत्नी तंज़ीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आज़म ख़ान को भी यही राहत दे दी है। हाईकोर्ट ने पहले दोनों को इस राहत से वंचित रखा था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की पीठ ने आज इस मामले में अपना फैसला सुनाया। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार की अपील खारिज कर दी, जबकि आज़म ख़ान की पत्नी और बेटे की अपील स्वीकार कर ली। यह मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट के 24 मई 2024 के आदेश से जुड़ा है। हाईकोर्ट ने आज़म ख़ान की सजा पर रोक लगा दी थी, लेकिन उनकी पत्नी और बेटे को ऐसी राहत देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट के इस फैसले को उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

नक्कालों से सावधान



राजा बीड़ी प्राइवेट लि. जिसका नम्बर 555 टिन न. 4103429 तथा जीएसटी नं. **19AAICR652111ZX** है। इस ब्रांड का मार्केट में बहुत नाम है कुछ गलत व्यक्तियों द्वारा बीड़ी नकली बनाई जा रही है, ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहें। हमारी बीड़ी की पहचान है इसके पैकेट पर फोटो छपा है। बीड़ी फोटो देखकर ही खरीदें। अगर कोई नकली राजा बीड़ी बेचते हुये पकड़ा गया तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



बार कोड स्कैन करके ही खरीदें
RAJA BIRI PVT LTD
Putikhali Krishnaganj Majdia
Nadia (W.B) India

आवश्यकता है

हाउस कीपिंग वेटर, होटल सुपरवाइजर एवं रेस्टोरेंट सुपरवाइजर की।
वेतन योग्यता अनुसार।
कान्हा फार्म्स मेरठ रोड, बिजनौर
मो. 9917471021

फ्लैट्स बिकाऊ हैं

बिजनौर में बिजनौर-मेरठ रोड पर नेहरु स्टेडियम (तरण ताल) के सामने कॉम्पलैक्स के पीछे फर्स्ट, सेकेण्ड, थर्ड फ्लोर पर तीन फ्लेट्स 2+1 बी.एच.के. कार पार्किंग व लिफ्ट की सुविधा के साथ बिकाऊ हैं। खरीदने के इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें।
मो. 9897899730

आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा 5 से कक्षा 10 तक अंग्रेजी और विज्ञान हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



दो दिवसीय जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

पुरुष वर्ग में नजीबाबाद एवं महिला वर्ग में बिजनौर बना चैम्पियन



नजीबाबाद (चिंगारी)। जिला बास्केटबॉल संघ बिजनौर के तत्वावधान में जिला स्तरीय सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का नजीबाबाद के स्टैब्स ग्राउंड स्टेडियम में समापन हो गया। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मौअज्जम मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की भावना की सराहना करते हुऐ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने बास्केटबॉल खेल तथा खेल के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की व भविष्य में जनपद में बास्केटबॉल के उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 6 तथा महिला वर्ग में 4 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन परिणाम में 'पुरुष वर्ग सेमीफइनल' में प्रथम नजीबाबाद सीनियर-56 स्टेडियम बिजनौर-54, द्वितीय-अंदर डॉग्सना नजीबाबाद-56 डीपीएस, बिजनौर-24 'पुरुष वर्ग फाइनल' में नजीबाबाद सीनियर 45 अंदरडॉग्स नजीबाबाद-34, 'महिला वर्ग फाइनल' में स्टेडियम बिजनौर-31 डीपीएस बिजनौर 12 रहे। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत पुरुस्कार वरीयता में 'बेस्ट प्लेयर' में पुरुष सत्यम यादव (नजीबाबाद), महिला-उर्वशी (बिजनौर), 'बेस्ट शूटर' शशांक दिवाकर (बिजनौर) रहे। मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम एवं राकेश जुनेजा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। 21नवम्बर की शाम को बिजनौर जनपद की टीम का फाइनल सिलेक्शन होगा। जिसके लिए चयनित खिलाड़ियों में दिव्यन, दक्ष (डीपीएस, बिजनौर), फ्रांसिस करकेता, अनुज (सेंटमेरी बिजनौर), माज़, विराट, परमीत सिंह (सेंटमेरी, नजीबाबाद), गगन, देवांग, एकांश, अभय, मोहमद दानिश, मोहमद अहतेशाम, सत्यम यादव, उत्कर्ष, विश्वजीत सिंह (नजीबाबाद), शशांक दिवाकर, दीपक राज, अभिजीत कुमार, कार्तिक एवं शिवांग चौधरी शामिल है। प्रतियोगिता के समापन पर बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी, उप सचिव गोपाल त्यागी, कोऑर्डिनेटर मोहमद दानिश, पम्मी गहलौत, कपिल मालिक (डीपीएस बिजनौर), आदित्य राजपूत (डीडीपीएस बिजनौर), हेमंत त्यागी, शशांक दिवाकर, उत्कर्ष, विश्वाजीत, रचित आदि उपस्थित रहे।

रामपुर में बिजनौर के हॉकी खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, तीसरा स्थान मिला



रामपुर (चिंगारी)। आइडेंटिटी एजुकेशनल एकेडमी के तत्वावधान में आइडेंटी एजुकेशनल अकैडमी कैंपस में रामपुर के तीन दिवसीय अंडर-16 बालक इंटर स्कूल सेवन साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मेरठ, पीलीभीत, भदोही, प्रतापगढ़, रामपुर, झांसी, बिजनौर और चांदपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। बिजनौर की टीम का पहला मैच पीलीभीत के साथ हुआ, जिसमें बिजनौर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और पीलीभीत को पराजित कर मैच में विजय श्री प्राप्त कर ली। दूसरा मैच प्रतापगढ़ की टीम के साथ हुआ, जिसमें बिजनौर की टीम ने एक बार फिर अपना बेहतरीन प्रदर्शन दोहराते हुए 6-2 से जीत दर्ज की। बिजनौर और झांसी की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें बिजनौर की टीम ने 7 गोल कर विजय श्री प्राप्त की, जबकि झांसी की टीम दो गोल ही कर सकी। सेमीफाइनल मैच बिजनौर व भदोही के बीच खेला गया, जिसमें बिजनौर की टीम सडन डेथ में हार गई। नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम की हॉकी कोच चित्रा चौहान के नेतृत्व में बिजनौर की ओर से दीपेश, रविंदर, देव, शनि, हर्ष सैनी, प्रिंस, आयुष, रौनक, दीपक, दिव्यांशु सैनी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

ताईक्वांडों कलर बेल्ट टैस्ट में पैजनिया के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



खासपुरा (चिंगारी)। रविवार को ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर द्वारा पैजानिया स्थित रघुकुल ग्लोबल अकैडमी में कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें पैजानिया से गोपीचंद ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टैस्ट में अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न बेल्टों पर कब्जा किया। विजेता खिलाड़ियों को पैजानिया चौकी एसआई गौरव तोमर व उनकी टीम ने सम्मानित किया। इस मौके पर एसआई गौरव तोमर ने कहा कि बच्चे अकादमी पर ट्रेनिंग के माध्यम से राज्य व राष्ट्रीय खेलों में मेडल जीतकर अपने माता-पिता के साथ अपने जिले का नाम भी रोशन करें। कोच विजेंद्र चौहान ने बताया कि अकादमी से 30 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इनमें रुद्रांश, ध्रुव, प्रिंसी ने ब्लू बेल्ट, हंस, यसी, आरुषि, आरोही, चंद्रप्रकाश, जुबेर, नितिन, मोहम्मद जावेद ने ग्रीन बेल्ट तथा जयंत, काव्य, वंश, भाव्यांश, अंश आदि ने येलो बेल्ट पर कब्जा किया।

अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली

चांदपुर (चिंगारी)। वाहन चोरों ने अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी कर ली। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम फंदेडी निवासी जनपद अमरोहा निवासी मौ. कदीर पुत्र अली हसन ने बताया कि वे 15 नवम्बर को अपने भतीजे लियाकत अली की मोटरसाइकिल यूपी 23 एएच 5860 लेकर नूरपुर रोड स्थित अस्पताल में आया था। रात्रि के समय वाहन चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने पर भी चोरी गई मोटरसाइकिल का अता-पता नहीं लग सका। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

धीरेंद्र शास्त्री की कथा में मुस्लिम महिलाएं पहुंचीं



राजा भैया का अखिलेश पर पलटवार- भारत इस्लामी राष्ट्र नहीं, जहां कथा पर लगे प्रतिबंध

यूपी में कुंडा से विधायक राजा भैया ने अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत कोई इस्लामी राष्ट्र नहीं है, जहां धार्मिक कथाओं पर प्रतिबंध लगाया जाए। मैं किसी का नाम नहीं लूंगा, लेकिन रामकथा सुनने वालों का निश्चित रूप से कल्याण होगा। इससे पहले 200 गांवों में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें कई मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हुईं। आज से 20 नवंबर तक बाबा बागेश्वर कुंडा में रामकथा करेंगे।

ATHER
असली इलेक्ट्रिक
एथर इलेक्ट्रिक /
अब धामपुर में ।
ATHER EXPERIENCE CENTER, DHAMPUR
Address:- Indra Nagar Colony Near Ayushman Hospital Dhampur Bijnor - 246761
Mob. 9240083181

सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं



दहेज में नहीं मिली स्कॉर्पियो-एन कार दूल्हे ने निकाह करने से किया इन्कार

बैंकेट हॉल में घुसते ही बारातियों ने किया हंगामा

नांगल सोती (चिंगारी)। दहेज में स्कॉर्पियो-एन गाड़ी न मिलने पर वर पक्ष ने बैंकेट हॉल में घुसते ही हंगामा कर दिया। इस दौरान घरातियों-बारातियों में जमकर मारपीट हुई। बारातियों ने एक गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी। झगड़े के बाद दूल्हा सहित सभी बाराती वापस लौट गये, जिससे निकाह नहीं हो सका।

नांगल निवासी यूसुफ अहमद की पुत्री का विवाह मंडावर थानांतर्गत ग्राम शहबाजपुर निवासी आबिद पुत्र खलील से तय हुआ था। गत रात्रि ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी स्थित बैंकेट हॉल में बारात आई थी। रात्रि लगभग 10 बजे जैसे ही बारात आई, बारातियों व घरातियों में विवाद हो गया। बारातियों ने वहां पड़े ईंट-पत्थर मारकर एक गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। खूब लात-घूंसे चले तथा पथराव भी हुआ। दुल्हन के पिता यूसुफ सहित कई व्यक्ति घायल हो गये। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

झगड़े के बाद दूल्हे आबिद सहित सारे बाराती वापस अपने घर लौट गये। निकाह की रस्म नहीं हो सकी। दुल्हन का पिता यूसुफ आज सुबह कई ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर सौंपी।

यूसुफ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि जैसे ही लड़का पक्ष ने बैंकेट हॉल में एंट्री की, उन्हें महसूस हुआ कि दहेज में देने के लिये कोई कार या स्कॉर्पियो-एन गाड़ी नहीं खड़ी है। उसका कहना है कि दहेज में चौपहिया वाहन की मांग विगत 23 अक्टूबर को डलिया जाने के एक दिन बाद दूल्हे की बहनों ने फोन पर की थी, जिसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास है। आरोप है कि दहेज की गाड़ी न देख दूल्हा पक्ष ने हंगामा और मारपीट शुरू कर दी। महिलाओं से भी अभद्रता की। आरोप है कि दुल्हन के सामने ही दूल्हे, उसकी बहिन तथा रिश्तेदारों ने निकाह करने से इंकार कर दिया।

दुल्हन के पिता यूसुफ ने पुलिस से दूल्हे पक्ष को दिया गया 15 लाख का कैश, सामान तथा खर्च की राशि वापस दिलाने या उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी का कहना है कि आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर पुल से गिरी बस, 9 यात्रियों की मौत

ऋषिकेश (चिंगारी)। उत्तराखंड के ऋषिकेश में आज सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ। बदरीनाथ हाईवे पर गूलर बाजार के पास एक बस पुल से करीब 100 मीटर नीचे पानी में समा गई। हादसे के वक्त बस में करीब 30 से 35 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीमों ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। 9 लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के 10, झारखंड के 6, पश्चिम बंगाल, बिहार और असम के दो-दो, जबकि दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के एक-एक लोग घायल हुए हैं। दूसरी ओर उत्तराखंड में एक और सड़क हादसे ने 4 लोगों की जान ले ली। रुद्रप्रयाग में बीती रात एक बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सभी शादी से लौट रहे थे। हादसों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी और सीएम धामी ने दु:ख जताया है।

राष्ट्रपति-पीएम ने जताया दु:ख

जानकारी के अनुसार, सुबह के वक्त थाना मुनिकीरेती के तहत हरिद्वार से चमोली जा रही विश्वनाथ सेवा की बस ऋषिकेश के नजदीक गुलर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिरी। हादसे में 9 की मौत हो गई है, जबकि, 26 लोग घायल हुए हैं। बस पूरी तरह से पिचक चुकी थी। एसडीआरएफ के अनुसार, हादसे की सूचना मिलते ही ब्यासी और ढालवाला पोस्ट से टीमें तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गई। टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया।

सूचना

मेरा एक बैनामा जिसमें विक्रेता हरनाम सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी मोहल्ला चौहानान, कस्बा किरतपुर क्रेता अजीजा बेगम पत्नी अतीक अहमद निवासी शीशग्रान कस्बा किरतपुर से निष्पादित की गई थी। उक्त बैनामा रजिस्ट्री कार्यालय 14.9.2021 को पंजीकृत हुआ था, जिसका जिल्द सं. 10644 पंजीकृत रजि. 10693 है। यह बैनामा कहीं खो गया है। काफी तलाशने पर भी नहीं मिला। **-शिवम गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता निवासी ग्राम चन्दोक तहसील, नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

कैप्टन गहलौत स्कूल में हुई एथलेटिक गतिविधि

हल्दौर (चिंगारी)। कैप्टन ए.वी.एस. गहलौत पब्लिक स्कूल, हल्दौर में एथलेटिक गतिविधि का आयोजन विद्यालय में विद्यार्थियों के शारीरिक विकास, आत्मविश्वास एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

गतिविधि में 7 से 12 वर्ष तक के बच्चों को शामिल किया गया। विद्यार्थियों को उनकी आयु, शारीरिक क्षमता एवं सामर्थ्य के अनुसार अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया, ताकि प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता के अनुरूप प्रतिभाग करने का समान अवसर मिल सके।

इस दौरान 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी बच्चों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल जीत-हार नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा को पहचानना, उसकी क्षमता को निखारना और खेलों के प्रति रुचि विकसित करना था। 'हर बच्चा खास है, हर बच्चे में है आगे बढ़ने की क्षमता!'

संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्री सनूबिया (उम्र 19 वर्ष) जो अपनी मर्जी से कहीं चली जाती है तथा मेरे व मेरे परिवार वालों के कहने-सुनने में नहीं है। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरी पुत्री से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करती है तो वह उसकी स्वयं जिम्मेदार होगी। - **अकील अहमद पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम अहमदपुर मौहिउद्दीनपुर, थाना कोतवाली, जिला बिजनौर**

Hero

आख़िरी दो दिन

125 CC का धमाका ऑफर

Hero

तुरंत आवश्यकता है कुशल महिला टेलीकॉलर्स की

सबसे सस्ती फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध



3000 CASH BONUS

+

अतिरिक्त डिस्काउंट

+

आकर्षक उपहार

कविता ऑटो

निकट श्री हॉस्पिटल किरतपुर रोड, बिजनौर

मोबाइल नम्बर
9289922765

भली लगे या बुरी...

तालिबान और अफगानिस्तान

तालिबान ने अफगान समाज को ऐसी जकड़ में ले रखा है, जिससे कोई नहीं बच पा रहा है। धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के पूजा-स्थलों को जबरन बंद किया जा रहा है। जो कोई भी आलोचना करता है, उसे दबा दिया जाता है। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, लगभग पूरी तरह से अंतराष्ट्रीय अलगाव और देश के भीतर बढ़ती नाराजगी की वजहों से तालिबान के सामने 2021 के बाद से सबसे गंभीर खतरा है। हालांकि सत्ता पर उनकी पकड़ मजबूत दिखती है। तालिबानी टैक्स वसूलते हैं और इस काम में वे काफी माहिर हैं। वे सड़कें, बांध और नहरें बना रहे हैं। अफगान प्रवासियों और शरण चाहने वालों को वापस भेजने के लिए यूरोपीय देश उनके साथ काम करने को बेताब हैं। जब कोई उनके लिए दरवाजे बंद कर देता है (जैसा कि पाकिस्तान ने पिछले साल अपनी सीमा बंद करके किया था) तो वह नए रास्ते निकाल लेते हैं। अफगानिस्तान अब ईरान, भारत और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार पर ज्यादा निर्भर हो गया है। फिर भी, परेशानी के जो संकेत दिखे हैं, उन्हें नजरअंदाज करना नामुमकिन है। तालिबान को अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े उन हथियारबंद गुटों के हमलों का भी सामना करना पड़ रहा है, जो उन्हें सत्ता से हटाना चाहते हैं। तालिबान का अफगानिस्तान के ज्यादातर हिस्सों पर बिना किसी रोक-टोक के कब्जा है। लेकिन, पाकिस्तान के साथ उसका टकराव लगभग खुली जंग जैसी स्थिति में पहुंच गया है। कभी तालिबान का समर्थन करने वाले पाकिस्तान ने हाल के महीनों में अफगानिस्तान पर कई हवाई हमले किए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अक्तूबर से अब तक 500 आम नागरिक मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान की असल समस्या यह है कि तालिबान, तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) को पनाह देता है और अमेरिका के छोड़ गए हथियारों से पाक-अफगान सीमा पर उसकी मदद करता है। इन तनावों का फायदा उठाते हुए, पाकिस्तान ने वह कर दिखाया है, जो वह 1980 के दशक से नहीं कर पाया था। जनवरी 2025 से ईरान और पाकिस्तान से लगभग 40 लाख अफगानों को जबरदस्ती वापस भेजा गया है। यह दशकों में दुनिया में 'रिवर्स माइग्रेशन' (वापसी प्रवास) की

सोशल मीडिया की चमक और वास्तविक स्वीकार्यता

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर 21 लाख फॉलोअर्स वाले एक व्यक्ति को सरपंच चुनाव में महज 33 वोट मिले। सोशल मीडिया की लोकप्रियता और जनता के बीच स्वीकार्यता में फर्क समझने के लिए राजस्थान की एक पंचायत का चुनाव परिणाम काफी है। क्या राजनीतिक दल इससे सबक लेंगे ? - संपादक

-अमरपाल सिंह वर्मा

विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर 21 लाख फॉलोअर्स वाले एक व्यक्ति की डिजिटल लोकप्रियता का अंदाजा सहज ही लग जाता है, लेकिन इस लोकप्रियता के बाद कोई व्यक्ति अगर अपने ही गांव में सरपंच का चुनाव लड़े और उसे महज 33 वोट मिलें तो इसे क्या कहेंगे ? यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर लाखों लोगों तक पहुंच रखने वाला व्यक्ति अपने गांव के मतदाताओं का भरोसा क्यों नहीं जीत पाया ? राजस्थान में जोधपुर जिले की ओसियां तहसील की इंदों की ढाणी ग्राम पंचायत में ओमप्रकाश ज्योतिषी की चुनावी हार सिर्फ एक उम्मीदवार की पराजय नहीं है। मेरी नजर में यह उन लोगों के लिए भी एक सबक है जो सोशल मीडिया पर लोकप्रियता को जनता के समर्थन का प्रमाण मान बैठते हैं। आभासी दुनिया में किसी को पसंद करने वाले लाखों लोग हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक दुनिया में उसकी बात पर भरोसा करने वाले कितने हैं, इसका फैसला आखिरकार जनता ही करती है। सोशल मीडिया पर किसी को पसंद करना और उसे अपना प्रतिनिधि चुनना दोनों अलग-अलग बातें हैं। कोई व्यक्ति अच्छे वीडियो बनाता है, मनोरंजन करता है या किसी सामाजिक मुद्दे पर अपनी बात रखता है तो लोग उसे पसंद कर सकते हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि वे उसे अपने गांव की सरकार चलाने की जिम्मेदारी भी सौंपना चाहते हैं। पंचायत का चुनाव देखने में छोटा जरूर लगता है, लेकिन इसकी राजनीति को समझना आसान नहीं है। यहां एक-एक वोट के लिए उम्मीदवारों को कितनी मशक्कत करनी पड़ती है, यह गांव की राजनीति से परिचित लोग अच्छी तरह जानते हैं। कहीं रिश्तेदारी काम आती है, कहीं सामाजिक समीकरण और कहीं वर्षों का व्यक्तिगत संपर्क। उम्मीदवार को मतदाताओं के बीच जाना पड़ता है, उनकी समस्याएं सुननी पड़ती हैं और भरोसा पैदा करना पड़ता है। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया चुनाव प्रचार का बड़ा माध्यम बना है, लेकिन इंदों की ढाणी का नतीजा बताता है कि डिजिटल पहुंच अपने आप चुनावी समर्थन में नहीं बदल जाती। किसी व्यक्ति के वीडियो को राजस्थान से बाहर बैठे हजारों लोग देख सकते हैं, लेकिन वे इंदों की ढाणी के मतदाता नहीं हैं और जो लोग उसके वीडियो देखते हैं, उनमें से भी कितने लोग उसकी राजनीतिक सोच से सहमत हैं, यह अलग सवाल है। यही वास्तविक और आभासी दुनिया का फर्क है। आभासी दुनिया में लोकप्रियता हासिल करने के लिए कुछ अच्छे वीडियो, आकर्षक प्रस्तुति और लोगों की रुचि को समझना काफी है।



हद तक मददगार हो सकता है। वास्तविक दुनिया में, खासकर राजनीति में, लोगों का भरोसा जीतने के लिए इससे कहीं ज्यादा करना पड़ता है। ओमप्रकाश ने शिक्षा, गौसेवा और गांव की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का वादा किया था, लेकिन चुनाव में केवल मुद्दे गिनाना पर्याप्त नहीं होता। मतदाता यह भी देखता है कि उम्मीदवार का उसके जीवन और स्थानीय समस्याओं से कितना जुड़ाव है। पिछले कुछ सालों में राजनीतिक दलों ने सोशल मीडिया को चुनावी रणनीति का बड़ा हथियार बना लिया है। आईटी सेल, ऑनलाइन प्रचार, वायरल वीडियो और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के जरिए मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश लगातार बढ़ी है, इसमें कुछ गलत भी नहीं है। आखिरकार, संचार के हर नये माध्यम का इस्तेमाल राजनीति में होगा ही, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब सोशल मीडिया पर बन रहे माहौल को ही जनता का वास्तविक समर्थन मान लिया जाता है। किसी नेता के पक्ष में हजारों ऑनलाइन टिप्पणियां देखकर यह निष्कर्ष निकाल लेना कि चुनाव में भी उसे उतना ही समर्थन मिलेगा, बड़ी भूल हो सकती है। डिजिटल प्रचार लोगों का ध्यान खींच सकता है, लेकिन स्थानीय मुद्दों पर काम और जनता के बीच उपस्थिति का विकल्प नहीं है। चुनाव केवल प्रचार से नहीं जीते जाते। जनता के बीच मौजूदगी, उसके सवालों पर काम और मुश्किल समय में उसके साथ खड़े रहने का महत्व आज भी बना हुआ है। कोई नेता सोशल मीडिया पर कितना ही सक्रिय क्यों न हो, अगर आम लोगों को लगता है कि वह उनकी समस्याओं से दूर है, तो डिजिटल लोकप्रियता उसके बहुत काम नहीं आएगी। इस पूरे मामले में एक अच्छी बात यह है कि ओमप्रकाश ज्योतिषी ने अपनी पराजय के बाद सोशल मीडिया की लोकप्रियता और जमीनी हकीकत के बीच बड़े अंतर को स्वीकार किया। अपनी हार से सबक लेना और वास्तविकता को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा है कि वह अगले पांच साल तक गांव में रहकर लोगों की समस्याएं समझेंगे और पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए काम करेंगे। यह कहना गलत होगा कि सोशल मीडिया की राजनीति में कोई भूमिका नहीं है। उसकी भूमिका है और आने वाले समय में शायद और बढ़ेगी, लेकिन वह जनता से सीधे जुड़ने का विकल्प नहीं बन सकती। लोकतंत्र में मतदाता किसी की सोशल मीडिया प्रोफाइल देखकर ही अपना फैसला नहीं करता। वह अपने अनुभव, जरूरतों और उम्मीदों के आधार पर वोट देता है। इंदों की ढाणी के मतदाताओं ने भी अपना फैसला सुना दिया है। लाखों फॉलोअर्स किसी व्यक्ति को चर्चित तो बना सकते हैं, लेकिन जनता का प्रतिनिधि बनने के लिए जनता के बीच अपनी जगह बनानी पड़ती है। चुनावी नैया सोशल मीडिया के सहारे पार करने की योजना बनाने वाले राजनीतिक दलों और नेताओं के लिए भी यही सबसे बड़ा सबक है।

मेधावी छात्र-छात्राओं, नारी शक्ति व बुजुर्गों को किया सम्मानित

पुरु रवा राजपूत मानव कल्याण समिति का वार्षिक सम्मेलन



नजीबाबाद (चिंगारी)। पुरु रवा राजपूत मानव कल्याण समिति (रजि.) उ.प्र. का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांध दिया। रविवार को बुन्दकी मार्ग स्थित उत्सव पैलेस में पुरु रवा राजपूत मानव कल्याण समिति (रजि.) उ.प्र. का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. भीम सिंह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान विज्ञान से अलंकृत, प्रोफेसर डॉ. सर्वेश कुमार राजपूत, डॉ. नितिन राजपूत, दीपक भारती, श्रीमती भावना रानी सहायक रेडियो अधिकारी नोएडा उत्तर प्रदेश पुलिस, भाजपा नेता तरुण राजपूत, सभा के अध्यक्ष ठाकुर सिंह राजपूत, महासचिव डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया। इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांध दिया। अतिथियों ने वर्ष 2025-26 के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान नारी शक्ति व वरिष्ठ बुजुर्गों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर भीम सिंह ने कहा कि समिति का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय बच्चों को पढ़ने, आगे बढ़ने में सहयोग व युवाओं का योगदान एवं मार्गदर्शन करना है। समिति के अध्यक्ष ठाकुर सिंह राजपूत की अध्यक्षता व महासचिव डॉ. भूपेन्द्र सिंह के संचालन में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में कोषाध्यक्ष योगेश कुमार आर्य, हेमराज, सर्वेश राजपूत, दिवाकर, गुलाब सिंह, कपिल कुमार, अश्वनी राजपूत, ओम प्रकाश राजपूत, मास्टर राधेलाल, ब्रजमोहन सिंह, यशपाल सिंह, तेजपाल सिंह, मोहन पाल सिंह, उमेश पाल, नौबहार सिंह, विनीत राजपूत, दीपक राजपूत, डॉ नितिन राजपूत, अशोक कुमार, कुंवर निहाल सिंह, कुंवर अशोक कुमार, कुंवर अनिल कुमार, गुलजारी लाल, यशपाल सिंह, हरविंदर सिंह, सतेंद्र सिंह, रामकिशन, विकास, संग्राम सिंह तोमर, मनोश्री तोमर, गजेंद्र सिंह, सत्यवीर सिंह, अरविंद, संसार सिंह, राजकुमार, इंदू राजपूत, संदीप कुमार, राकेश आर्य, करण सिंह, महेश कुमार, राजीव कुमार, तरुण राजपूत, ओमप्रकाश, हरि सिंह, अंकित राजपूत, सुरेश चंद्र राजपूत, धर्मेंद्र राजपूत, यशपाल, लक्षपाल, डॉ. भीम सिंह, सत्येंद्र, चंचल राजपूत, सागर सिंह, महेश पाल सिंह राजपूत, संजय कुमार, राम कुमार, टीकम सिंह राजपूत, दिनेश कुमार, हरेंद्र सिंह तोमर, जबर सिंह, महेंद्र सिंह गांधी, योगेंद्र सिंह राजपूत, विवेक राजपूत, भीम सिंह राजपूत, जयपाल सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, राधे लाल राजपूत, आशीष कुमार राजपूत, मुकेश राजपूत, ठाकुर तेजपाल सिंह, कपिल राजपूत आदि मौजूद रहे।

नजीबाबाद के इनफ्लुएंसर व क्रिएटर सम्मानित

नजीबाबाद (चिंगारी)। जनपद बिजनौर में शहर के एक प्रतिष्ठित बैंक्वेट हॉल में डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स व सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य क्रिएटर फैस्ट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए तमाम उभरते व चर्चित कंटेंट क्रिएटर्स ने हिस्सा लिया। समारोह में नजीबाबाद क्षेत्र के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एवं क्रिएटर्स अनमोल वर्मा, राजन राजपूत, सुजल आदि को डिजिटल माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने व बेहतरीन कंटेंट निर्माण के लिए विशेष रूप से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद नजीबाबाद के क्रिएटर्स ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्थानीय युवाओं का मनोबल बढ़ता है, उन्हें और भी बेहतर व सार्थक कंटेंट बनाने की प्रेरणा मिलती है।



सम्मानित किये गये सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एवं क्रिएटर्स।

राजकुमार प्रजापति को भाजपा का क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर स्वागत किया



.नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा में नई जिम्मेदारी मिलने पर राजकुमार प्रजापति के सम्मान में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुमंत कुमार के फार्म हाउस स्थित राजबाला ट्रेडर्स पर संपन्न हुआ। समारोह में रितेश सैन जिला सह संयोजक पिछड़ा मोर्चा बनाए जाने पर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पश्चिम उत्तर प्रदेश पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री राजकुमार प्रजापति का स्थानीय गणमान्य लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। राजकुमार प्रजापति ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, वे उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। समारोह में मास्टर उदय राज, राकेश कुमार, निकुल आर्य, प्रीतम प्रजापति, जितेन्द्र शर्मा, मनोज, रामौतार चौहान, लईक अहमद, सोनू विश्वकर्मा, अवधेश शर्मा एवं हितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

लाइफ़ लाइन हॉस्पिटल में अन्नपूर्णा रसोई भोजनालय का शुभारंभ



नजीबाबाद (चिंगारी)। साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी एवं डॉ. अशोक चहल ने हरिद्वार रोड स्थित लाइफ़ लाइन हॉस्पिटल की कैंटीन में अन्नपूर्णा रसोई भोजनालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अन्नपूर्णा रसोई की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की व्यवस्था से अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को भोजन की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में आसपा विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, विष्णु गौतम, कौशल कुमार, आशीष, एहसान, परवेज़, साईंम सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस नई पहल के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं।



सिडकुल की 400 करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी भूमि के अनियमित आवंटन के तीन मामलों में हाईकोर्ट सख्त

अभिनव थापर की जनहित याचिका पर डबल बेंच ने मांगे निर्देश

देहरादून (चिंगारी)। सिडकुल की सरकारी भूमि के आवंटन, टेंडर प्रक्रिया और भूमि हस्तांतरण में कथित अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए सिडकुल से आवश्यक निर्देश मांगे हैं। मामले की अगली सुनवाई 18 नवम्बर 2026 को निर्धारित है। याचिका में तीन अलग-अलग मामलों से जुड़ी सरकारी भूमि का कुल अनुमानित मूल्य 400 करोड़ रुपये से अधिक बताया गया है।

याचिका के अनुसार, हरिद्वार के औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट संख्या 94 सी एवं 95 ए, सेक्टर-6ए की भूमि मूल रूप से सरकारी ट्यूबवेल, बफर जोन एवं ग्रीन बेल्ट के लिए निर्धारित थी। इसके बावजूद इस भूमि के व्यावसायिक उपयोग और आवंटन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया और पर्यावरणीय स्वीकृतियों के बिना ग्रीन बेल्ट की भूमि के उपयोग में बदलाव किया गया। याचिका में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों और सिद्धांतों का हवाला देते हुए इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की गई है।

देहरादून के सहस्त्रधारा रोड स्थित आईटी पार्क की प्लॉट संख्या आर1 एवं आर2 की लगभग 23,137 वर्ग मीटर भूमि, जिसका अनुमानित मूल्य याचिका में करीब 300 करोड़ रुपये बताया गया है, मूल रूप से आईटी पार्क एवं अन्य सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए अधिग्रहित की गई थी। याचिका के अनुसार, यह भूमि पहले भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड जैसी सरकारी संस्थाओं को आवंटित की गई थी, लेकिन बाद में उनके आवंटन निरस्त कर दिए गए। इसके पश्चात इस भूमि पर मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई, जिसे बाद में निरस्त कर आवासीय परियोजना के लिए टेंडर जारी कर दिया गया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नाबार्ड ने 28 जुलाई 2025 एवं 8 अगस्त 2025 को पत्र लिखकर टेंडर प्रक्रिया पर आपत्ति जताई थी, इसके बावजूद प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। साथ ही, चयनित बिल्डर कंसोर्टियम की पात्रता, अनिवार्य वित्तीय दस्तावेजों, नेटवर्थ और ग्रुप हाउसिंग परियोजना के अनुभव को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। याचिका में आरोप है कि आवश्यक पात्रता शर्तों में कथित ढील देकर टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, जो उत्तराखंड खरीद नियमावली 2017 एवं सरकारी खरीद प्रक्रिया के निर्धारित मानकों के विपरीत है।

याचिका में हरिद्वार के औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट संख्या 3, सेक्टर-3 की भूमि को लेकर आरोप लगाया गया है कि सिडकुल की निर्धारित शर्तों एवं आवश्यक अनुमति की प्रक्रिया का पालन किए बिना भूमि का हस्तांतरण किया गया। याचिका के अनुसार, इस भूमि से संबंधित दो विक्रय विलेखों के माध्यम से लगभग 47.21 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ, जिससे सरकारी राजस्व को करोड़ों रुपये की हानि होने का आरोप है। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक क्षेत्र भद्राबाद में प्लॉट डी4, डी5 एवं डी6 से जुड़े मर्जर-डीमर्जर और हस्तांतरण की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए हैं। याचिका में आरोप है कि यह कार्रवाई सिडकुल की मर्जर एवं डीमर्जर नीति का उल्लंघन करते हुए की गई और सरकारी राजस्व के हितों की अनदेखी की गई।

आरोप बेहद गंभीर : थापर



अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता अभिनव थापर ने कहा कि देहरादून और हरिद्वार में सरकारी भूमि से जुड़े तीन अलग-अलग मामलों में 400 करोड़ रुपये से अधिक की भूमि के अनियमित आवंटन और हस्तांतरण के आरोप बेहद गंभीर हैं। सरकारी संपत्ति की लूट और नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता की भूमि और हितों की रक्षा के लिए हमारा संघर्ष सड़क से लेकर न्यायालय तक लगातार जारी रहेगा। यह मामला वर्तमान में न्यायालय के विचाराधीन है। याचिका में लगाए गए आरोपों और प्रस्तुत तथ्यों पर संबंधित पक्षों के जवाब तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अंतिम निर्णय उच्च न्यायालय द्वारा किया जाएगा।

रानी फूल कुंवरि साहिबा की पुण्यतिथि मनाई



रानी फूल कुंवरि साहिब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए विद्यार्थी।

धामपुर (चिंगारी)। आरएसएम महाविद्यालय, धामपुर की संस्थापिका रानी फूल कुँवरि साहिबा की पुण्य तिथि पर सोमवार को महाविद्यालय में हवन कराया गया, जिसमें मुख्य यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष कुंवर मानवेंद्र सिंह राठौड़, प्रबंधक डॉक्टर रंजन अग्रवाल, प्राचार्य डॉक्टर रश्मि शर्मा रावल उपस्थित रहे। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ, एमएससी रसायन शास्त्र की छात्रा कु. हर्षिका, अक्षिता, दिव्यांशी, शिवाजीत, सुहैल जैदी आदि भी शामिल रही।

21 नवम्बर को होगा तुलसी व शालिग्राम का विवाह

हंगामा लोक समिति ने हल्दी, मेहंदी, मंढ़ा किया



धामपुर (चिंगारी)। साई सेवा संघ व हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी, भगवान शालिग्राम की हल्दी मेहंदी मढा की रस्में अदा की गयीं। श्री साई सेवा संघ के संस्थापक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक व हंगामा लोक समिति की अध्यक्ष राखी कौशिक, महामंत्री उपासना कौशिक द्वारा हर वर्ष तुलसी-शालिग्राम विवाह में जरूरतमंद कन्याओ की विवाह हेतु सहायता की जाती है। इस वर्ष भी तुलसी जी के विवाह के पूर्व हल्दी, मेहंदी, मढ़ा की रस्म निभायी गयी। कार्यक्रम में शीतल शर्मा, शिवानी, प्रवेश शर्मा, दिया शर्मा, सुनीता गोस्वामी, सृष्टि, खुशी, अनिता, कविता, रूबी रानी, कल्पना, आशा रानी, विमला भटनागर, यामिनी, चिया, शोभा, कशिश आदि उपस्थित रहे। सभी के द्वारा तुलसी-शालिग्राम जी के हल्दी मेहंदी लगायी गयी। कार्यक्रम में सभी के द्वारा तुलसी शालिग्राम जी के भजन प्रस्तुत किए गए। डॉ. जितेन्द्र कौशिक ने बताया हर वर्ष साई सेवा संघ व हंगामा लोक समिति के संयुक्त तत्वावधान में देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी जी-शालिग्राम जी का विवाह करवाया जाता है। इस बार 21 नवम्बर, शनिवार देवउठानी एकादशी पर दो बजे से उनके निजनिवास पर तुलसी शालिग्राम जी के विवाह का आयोजन किया गया है। जिसमें वर मोहन व वधु यामिनी है, जिनका विवाह हरिद्वार से किया जा रहा है।

गोपाष्टमी समारोह का गौ सेवा प्रेरणा कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

धामपुर (चिंगारी)। नगर की राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनंत श्री शिव शक्ति पीठ एवं गौरी गौशाला आश्रम की ओर से प्रारंभ हुए चार दिवसीय गोपाष्टमी समारोह का शुभारंभ धामपुर में निकाली गई गौ सेवा प्रेरणा कलश यात्रा से किया गया। कलश यात्रा में शामिल पीत वस्त्रधारी महिलाएं अपने सिरों पर मंगल कलश धारण किए हुए चल रही थी। इसके अतिरिक्त महंत मोती लाल शर्मा एवं महंत पारस पुष्पक के अलावा श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के कार्यक्रम प्रभारी निखिल अरोड़ा, नानू अरोड़ा के निर्देशन में गौ भक्त एवं गौ सेवक विभिन्न भजनों की प्रस्तुतियों के माध्यम से निर्धारित मार्गो को भक्ति मय बना रहे थे। चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ राजपूत विहार कॉलोनी में गौरी गौशाला आश्रम के संस्थापक आचार्य डॉ. दिनेश चंद्र भारद्वाज के संरक्षण में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन ने की जबकि संचालन डॉ. दिनेश चंद्र भारद्वाज ने किया।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने बताया कि भारत ही एक ऐसा देश है जहां गाय, गंगा, गीता, गायत्री आदि को माता के रूप में सम्मान दिया जाता है। उन्होंने जानकारी उपलब्ध कराई कि गौ माता का दूध दही और घी ही नहीं बल्कि गोबर और मूत्र भी बहु उपयोगी है जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार की दवाइयों में किया जाता है।

नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह , दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन और धार्मिक संस्था नवदुर्गा जागरण पार्टी के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक ने चार दिवसीय समारोह को धामपुर के सनातन परिवारों की उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। इस अवसर पर डॉक्टर दिनेश चंद्र भारद्वाज ने बताया कि चार दिवसीय समारोह के अंतर्गत राजपूत विहार कॉलोनी में संगीत मय गौ कथा तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपादित कराए जाने के साथ ही कथा की पूर्णता पर गौ सेवा सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त 18 नवंबर को प्रात: 8 बजे से पितृ मोक्ष यज्ञ तथा दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा होगा।

मेले में श्रद्धालुओं को मिलेंगी सारी सुविधाएं

अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

नांगल सोती (चिंगारी)। सोमवार को उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मेला संयोजक, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के साथ गंगा स्नान मेला स्थल का निरीक्षण किया और मेला समिति को व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। 22 नवंबर को दो दिवसीय पौराणिक मेले का गंगा पूजन कर विधिवत उद्घाटन किया जायेगा।

उपजिलाधिकारी नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मेला समिति द्वारा गंगा स्नान मेले की तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु पर्याप्त व्यवस्थायें की जायेंगी। मेला स्थल पर मोबाइल टॉयलेट्स भेजे जायेंगे, मेडिकल कैम्प की व्यवस्था रहेगी। पेयजल, पथ प्रकाश, पार्किंग, स्नान घाट इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जायेगी। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था रहेगी। क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मेले में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। महिला स्नान घाट पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी। मेला संयोजक, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि मेला स्थल तक पहुंचने वाला लगभग तीन किलोमीटर का कच्चा रास्ता ठीक किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जायेगा। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी तथा वीरेन्द्र शर्मा, सत्यपाल सिंह आदि भी मौजूद रहे।



ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे अधिकारी

अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख ट्रैक्टर पर सवार होकर मेलास्थल पर पहुंचे। ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल ने ट्रैक्टर चलाया और उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ट्रैक्टर पर सवार रहे। उपजिलाधिकारी और ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि बहुत जल्द रास्ते को ठीक करके आवागमन हेतु पूरी तरह तैयार कर दिया जायेगा। समय रहते सभी व्यवस्थायें पूर्ण कर ली जायेंगी।



बिजनौर में रोडवेज बस अड्डे के पास, मिली युवक की लाश



बिजनौर (चिंगारी)। सोमवार देर शाम रोडवेज बस अड्डे के पास सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मोहल्ला काजीपाड़ा निवासी महताब पुत्र इकरामुद्दीन के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला काजीपाड़ा स्थित ईदगाह रोड निवासी महताब का अपनी पत्नी बीना से पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व पत्नी झगड़ा होने के बाद बीना गुड्डू कॉलोनी निवासी अपनी बहन के घर चली गई थी। इसके बाद से वह वहीं रह रही थी। पत्नी के घर छोड़कर जाने के बाद महताब कथित तौर पर शराब का अधिक सेवन करने लगा था। सोमवार शाम रोडवेज चौराहे पर शराब की दुकान से कुछ दूरी पर सड़क किनारे महताब का शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सीओ सिटी अभय कुमार पांडे ने बताया कि मृतक के शरीर पर जाहिरा तौर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

जिले के 4.27 लाख किसानों को मिली 1481.75 करोड़ की सम्मान निधि

बिजनौर (चिंगारी)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जनपद के 4,27,946 किसानों को अब तक 23 किस्तों में कुल 1,481.75 करोड़ रुपये की धनराशि दी जा चुकी है। उप कृषि निदेशक घनश्याम वर्मा ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान को सालाना 6,000 रुपये तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खाते में भेजे जाते हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्रवार सबसे अधिक चांदपुर में 59,569 किसानों को 20,626.1 लाख रुपये, नूरपुर में 58,935 किसानों को 20,419.7 लाख रुपये और बढ़ापुर में 58,539 किसानों को 20,283.4 लाख रुपये दिए गए हैं। वहीं नहटौर में 54,448, नगीना में 52,458, सदर में 48,341, नजीबाबाद में 48,162 और धामपुर में 47,494 किसान लाभान्वित हुए हैं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि योजना के तहत धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे पारदर्शिता के साथ किसानों को खेती-किसानी की जरूरतों के लिए आर्थिक सहायता मिल रही है।

क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 1.99 करोड़ की ठगी

साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ़्तार

बिजनौर (चिंगारी)। क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर करीब 1 करोड़ 99 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में बिजनौर साइबर क्राइम पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रयांशु ठाकुर पुत्र तारा ठाकुर निवासी हल्द्वानी (नैनीताल) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार इस मामले में 10 सितंबर 2025 को थाना साइबर क्राइम बिजनौर में आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसे व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रिया देसाई और आनंद बैद्य नामक व्यक्तियों ने जोड़कर ट्रेडिंग में अच्छा मुनाफा होने की जानकारी दी थी। आरोपियों ने विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों से जोड़कर शेयर खरीदने और बेचने के लिए प्रेरित किया गया। उनके झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने 11 जुलाई 2025 से 6 सितंबर 2025 के बीच करीब 30 ट्रांजेक्शन के माध्यम से विभिन्न बैंक खातों में कुल 1.99,03,000 रुपये की धनराशि भेज दी।

पुलिस के मुताबिक मामले की तकनीकी एवं विवेचनात्मक जांच के दौरान अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। विवेचना के क्रम में प्रयांशु ठाकुर का नाम प्रकाश में आया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी विदेश फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए संबंधित स्थानों पर दबिश दी और 10 अक्टूबर 2025 को उसके विरुद्ध लुकआउट सर्कुलर जारी कराया। इसके बाद 15 नवंबर 2026 को इमिग्रेशन चेकपोस्ट पर आरोपी के एयरपोर्ट पहुंचने की सूचना मिलने पर साइबर क्राइम पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह



क्रिप्टो खरीद-फरोख्त का काम करता है। इसके लिए वह अपने पूर्व गिरफ्तार सह अभियुक्तों की मदद से अपने बैंक खातों में उन लोगों से रकम प्राप्त करता था, जो क्रिप्टो खरीदना चाहते थे। इसके बाद बैंक खातों में चैक एवं कैश के माध्यम से रकम प्राप्त कर क्रिप्टो बेचने का काम करता था। आरोपी ने बताया कि जनवरी 2024 में वह दुबई में रियल एस्टेट के कार्य से गया था, लेकिन वहां काम नहीं मिलने पर उसने दूसरे काम की तलाश शुरू की। अप्रैल 2025 में उसे क्रिप्टो की खरीद-फरोख्त के संबंध में जानकारी मिली, जिसमें अच्छा कमीशन मिलने की बात सामने आई। इसके बाद वह इस काम में शामिल हो गया। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर एक पेज बनाया था, जिस पर वह क्रिप्टो की खरीद-फरोख्त से संबंधित स्टोरी और पोस्ट अपलोड करता था। इसके माध्यम से उसके संपर्क में कई लोग आए। आरोपी के अनुसारए इस काम के बदले उसे करीब 2 से 2.5 प्रतिशत कमीशन मिलता था।

दुबई की मुद्रा के माध्यम से करते थे भुगतान

क्रिप्टो खरीदने के लिए धनराशि देने वाले लोग उसके बैंक खातों में अथवा दुबई के स्थानीय मुद्रा के माध्यम से भुगतान करते थे। आरोपी के अनुसार वह प्रतिमाह करीब एक से दो करोड़ रुपये के बराबर क्रिप्टो की खरीद-फरोख्त करता था और इससे उसे अच्छा कमीशन मिलता था। उसे यह जानकारी भी थी कि संबंधित व्यक्ति अपनी ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में परिवर्तित करने के उद्देश्य से धनराशि भेजते थे, जिसके बदले वह उन्हें क्रिप्टो उपलब्ध कराता था।

विधायक मनोज पारस ने परिवार सहित कराई स्वगणना

ईओ ने एमएम इंटर कॉलेज में शिक्षकों और कर्मचारियों को किया जागरूक

नगीना (चिंगारी)। जनगणना 2027 के तहत स्वगणना अभियान को लेकर नगर पालिका परिषद की ओर से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी सतीश कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विधायक मनोज पारस के आवास पहुंचकर स्वगणना पोर्टल के माध्यम से उनकी और उनके परिवार की स्वगणना कराई। विधायक मनोज पारस ने नागरिकों से जनगणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक नागरिक को अपने परिवार का सही विवरण दर्ज कराना चाहिए। अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने एमएम इंटर कॉलेज पहुंचकर शिक्षकों, प्रवक्ताओं और कर्मचारियों को जनगणना के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना होगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करेंगे। ईओ ने नागरिकों से अपील की कि स्वगणना के दौरान परिवार के सभी सदस्यों का सही विवरण दर्ज करें और प्राप्त सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी सुरक्षित रखें, ताकि जनगणना के दौरान प्रगणक को उपलब्ध कराई जा सके।



विधायक मनोज पारस के आवास पर स्वगणना कार्य कराते पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार।

रामकृष्ण मंदिर में शनिवार को होगा तुलसी-शालिग्राम विवाह

बिजनौर (चिंगारी)। गोविंदनगर स्थित श्री सनातन धर्म रामकृष्ण मंदिर में आगामी 21 नवम्बर को तुलसी शालिग्राम विवाह समारोह श्रद्धा व उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर समिति के प्रबंधक सदानंद खेड़ा ने बताया कि 20 नवम्बर को सायं 4 बजे से 6 बजे तक महिला संगीत व भजन होंगे। 21 नवम्बर को दोपहर 2 बजे मंदिर से शालिग्राम की बारात का प्रस्थान होगा, जो 4 बजे मंदिर में लौटकर आयेगी, जहां रिबन कटाई, वरमाला आदि का कार्यक्रम होगा तथा साढ़े 4 बजे से महिला संगीत व नृत्य के उपरांत साढ़े 5 बजे प्रसाद वितरण होगा। संपूर्ण कार्यक्रम वरुण खेड़ा, अर्पित अग्रवाल, अंकुर सक्सेना, विवेक गांधी, ललिता रानी, कमलेश रानी, पूनम रानी, नीलम रानी, पूजा रानी, राकेश गुलाटी का पूर्ण सहयोग रहेगा।

पीस मॉडल स्कूल के बच्चों ने सुंदर कार्यक्रमों से मन मोहा

नजीबाबाद (चिंगारी)। पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक एम. अकरम खान ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने फैंसी ड्रेस में पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, महात्मा गांधी, जय जवान-जय किसान आदि की वेशभूषा में सुंदर प्रस्तुति दी। प्रबंधक एम. अकरम खान ने पंडित जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि जवाहर लाल नेहरू बच्चों से बहुत प्रेम करते थे, इसलिए बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते थे। इस अवसर पर गोविंद सिंह कुशवाहा, निशुपाल, रूपाली पाल व मंतशा परवीन ने विचार रखे।

सामाजिक परिवर्तन मोर्चा को मिल रहे जनसमर्थन से विपक्षी दलों में बेचैनी: खुर्शीद मंसूरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के नजीबाबाद विधानसभा के भावी प्रत्याशी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा है कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा गठबंधन के बाद जिस तरह प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में इसे लेकर चर्चाएं व जनसमर्थन देखने को मिल रहा है, उससे समाजवादी पार्टी के नेताओं में बेचैनी दिखाई दे रही है। यही वजह है कि सपा के कुछ नेता दिन-रात आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आज़ाद तथा एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को निशाना बनाकर उन्हें भाजपा की बी-टीम बताने में लगे हैं। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को जनता के बीच अपनी नीतियों, कामकाज व संघर्ष के आधार पर समर्थन मांगना चाहिए, न कि दूसरे नेताओं पर आरोप लगाकर। भाजपा की बी-टीम कौन है, इसका फैसला जनता करेंगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को दूसरों पर सवाल उठाने से पहले अपने राजनीतिक इतिहास व अपने व्यवहार पर भी आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आज़म खान के साथ हुए घटनाक्रम पर सपा की भूमिका लगातार सवालों के घेरे में रही है। आज़म खान को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा। उनकी रिहाई के बाद ईडी द्वारा जेल से ही दोबारा गिरफ्तारी की कार्रवाई भी हुई। खुर्शीद मंसूरी ने सवाल उठाया कि आज़म खान के समर्थन में समाजवादी पार्टी ने वैसा व्यापक आंदोलन क्यों नहीं किया, जिसकी अपेक्षा उसके कार्यकर्ताओं और समर्थकों को थी।



छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। रमा जैन कन्या महाविद्यालय नजीबाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। वर्तमान में सड़कों पर बढ़ते हादसों को देखते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। देश भर में प्रत्येक वर्ष सड़क हादसों में अनगिनत बेवजह जानें चली जाती हैं। इन हादसों के पीछे अधिकतर लोगों की लापरवाही ही जिम्मेदार होती है। सड़क पर चलते समय सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। यातायात के नियमों का पालन करना सभी का कर्तव्य है, स्वयं को एवं दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक भी है। छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक डॉ. केसी मठपाल, प्राचार्या डॉ. मृदुला त्यागी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए छात्राओं से अपील की कि वह सदैव दिलाई गई शपथ को स्वयं भी याद रखें व दूसरों को भी शपथ दिलाएं।

बिजनौर में छह एसडीएम के कार्यक्षेत्र बदले, डीएम ने जारी किए आदेश

प्रिन्स कुमार को धामपुर, वीरपाल सिंह वीरवाल को नगीना, शैलेंद्र कुमार सिंह को चांदपुर की जिम्मेदारी

बिजनौर (चिंगारी)। जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने छह उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) एवं डिप्टी कलेक्टरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। 16 नवंबर 2026 को जारी आदेश के तहत अधिकारियों को नई तैनाती देते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रिन्स कुमार को डिप्टी कलेक्टर बिजनौर से एसडीएम धामपुर बनाया गया है, जबकि विवेक कुमार सिंह को एसडीएम नगीना से डिप्टी कलेक्टर बिजनौर नियुक्त किया गया। इसी क्रम में प्रशान्त वर्मा को एसडीएम चांदपुर से एसडीएम नजीबाबाद तथा शैलेन्द्र कुमार सिंह को एसडीएम नजीबाबाद से एसडीएम चांदपुर भेजा गया है। वहीं जितेन्द्र सिंह वीरवाल को एसडीएम (न्यायिक) धामपुर से एसडीएम नगीना और नितिन कुमार को एसडीएम धामपुर से डिप्टी कलेक्टर बिजनौर के पद पर तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपनी नवीन तैनाती वाले स्थान पर तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक स्तर पर किए गए इस फेरबदल को जिले की राजस्व एवं प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है।

बार काउंसिल के आदेश अमान्य- राजेंद्र कुमार

भ्रामक ख़बरें फैलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करेंगे

बिजनौर (चिंगारी)। बार कॉन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के एक आदेश से जिला बार एसोसिएशन बिजनौर में हड़कम्प मच गया। बार कॉन्सिल ने वर्ष 2026 में जिला बार एसोसिएशन द्वारा कराए गए चुनाव को कथित रूप से बलपूर्वक कराए जाने के आरोप में जिला बार अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार को विधि व्यवसाय से दो वर्ष के लिए उनका पंजीकरण निलंबित करने का आदेश दिया है। दूसरी ओर राजेन्द्र कुमार एडवोकेट ने उत्तर प्रदेश बार कॉन्सिल के इस आदेश को गैरकानूनी व अमान्य करार दिया है। उनका कहना है कि बार कॉन्सिल ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश बार कॉन्सिल की प्रोसिडिंग को पहले ही स्थगित कर दिया था। इसलिए उत्तर प्रदेश बार कॉन्सिल को इस संबंध में कोई भी आदेश करने का अधिकार नहीं है।

बता दें कि जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार और शेर सिंह एडवोकेट चुनाव लड़े थे, जिसमें राजेंद्र चुनाव जीत गए थे। शेर सिंह ने बाहरी व्यक्तियों के सहयोग से चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान करने का आरोप लगाते हुए बार कॉन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश में शिकायत की थी। हालांकि राजेंद्र कुमार ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा था कि अनुशासन समिति से उन्हें न्याय की उम्मीद नहीं है। अत: उनका परिवाद किसी अन्य अनुशासन समिति में स्थानांतरित कर दिया जाये, जिस पर काउंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ ने राजेंद्र कुमार के प्रार्थना-पत्र के निस्तारण तक उक्त पत्रावली में कोई आदेश पारित न करने के आदेश दिये थे।

राजेन्द्र कुमार का कहना है कि बार कॉन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर गैरकानूनी ढंग से आदेश पारित किया है, जो बार कॉन्सिल ऑफ इंडिया के स्थगनादेश का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश बार कॉन्सिल को इस तरह का आदेश करने का अधिकार ही नहीं है। साथ ही राजेंद्र कुमार का कहना है कि उनकी छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से एक गलत एवं प्रभावहीन आदेश को मीडिया में प्रकाशित व प्रसारित किया गया है। इस सम्बंध में वह न्यायोचित कार्रवाई करेंगे।

राजेंद्र कुमार एडवोकेट का कहना है कि पिछले दो दिनों से इंटरनेट मीडिया पर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के दो आदेश पत्र प्रसारित हो रहे हैं। पहले जारी पत्र में किसी भी सदस्य के हस्ताक्षर नहीं थे, जबकि दूसरे पत्र पर मोहर तो लगी हुई है, लेकिन उस पर पदाधिकारियों के नाम और हस्ताक्षर नहीं हैं।

स्योहारा के विकास को मिलेगी रफ़्तार

70 वर्ष पुराना जमीनी विवाद समाप्त, बनेगा सामुदायिक केंद्र और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स

स्योहारा (चिंगारी)। नगर के विकास को नयी रफ्तार मिलने का रास्ता जमीनी विवाद समाप्त होने पर मिल गया। नगर पालिका और वाल्मीकि समाज के बीच आपसी सहमति बनने के बाद करीब सात दशक पुराना विवाद समाप्त हो गया है। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत इस परियोजना के लिए नगर पालिका को तीन करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। इसमें पहली किस्त के रूप में 15 लाख रुपये प्राप्त हो चुके हैं और पालिका ने निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया है।

नवादा चुंगी स्थित इस भूमि को लेकर नगर पालिका और वाल्मीकि समाज के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। वाल्मीकि समाज इस जमीन पर अपना अधिकार जताता था, जबकि नगर पालिका इसे अपनी संपत्ति मानती थी। आखिरकार दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनने से वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो गया और अब इस भूमि का उपयोग नगरवासियों की सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जा सकेगा।



परियोजना के तहत यहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त सामुदायिक केंद्र बनाया जाएगा, जिसमें एक साथ करीब 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी कराया जाएगा। प्रथम चरण में 16 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है। इससे नगरवासियों को शादी-विवाह और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल और पालिकाध्यक्ष फैसल वारसी ने इसे नगर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। ईओ बिजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नगर में जनसुविधाओं को बढ़ाने के लिए पालिका लगातार प्रयास कर रही है। आगामी बोर्ड बैठक में नगर में बस अड्डा, घंटाघर और पार्क के निर्माण के प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से नगर को नई पहचान मिलने के साथ ही नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

चेयरमैन फैसल वारसी के प्रयास से हुआ मामले का पटाक्षेप

स्योहारा (चिंगारी)। नगर पालिका व बाल्मीकि समाज में चल रहे भूमि विवाद का पटाक्षेप नगर पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी के प्रयासों से हुआ, जिसमें नगर के विकास की गति मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर विडियो पोस्ट कर जानकारी दी और विकास की बात कही।

विवेक विश्वविद्यालय में आयोजित हुई एक दिवसीय युवा चेतना कार्यशाला

गायत्री मंत्र से जागृत होती है सदबुद्धि और विवेकशीलता – सुनील शर्मा

बिजनौर (चिंगारी)। आप विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं। विवेक जागृत होता है गायत्री मंत्र से। गायत्री मंत्र ईश्वर से सदबुद्धि प्राप्त करने की प्रार्थना है। सदबुद्धि ही वह शक्ति है, जिसके माध्यम से मनुष्य सामान्य मानव से महामानव और देवमानव बनने की दिशा में अग्रसर होता है। यह विचार शांतिकुंज, हरिद्वार से पधारे प्रखर वक्ता एवं टोली नायक सुनील शर्मा ने विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर में आयोजित एक दिवसीय युवा चेतना कार्यशाला में व्यक्त किए। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एन.के. गुप्ता ने की, जबकि कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित संचालन सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार एवं गायत्री परिवार, जिला बिजनौर के सहसमन्वयक श्री इन्द्रदेव शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शांतिकुंज, हरिद्वार के केंद्रीय प्रतिनिधि एवं नजीबाबाद जोन के समन्वयक आदरणीय श्री अशोक सिंह, उपसमन्वयक श्री उदय सिंह, स्थानीय जोन समन्वयक डॉ. दीपक कुमार तथा जिला गायत्री परिवार समिति, बिजनौर के जिला समन्वयक पुखराज की गरिमामयी उपस्थिति रही।



गायत्री परिवार के संरक्षक पंडित सोमेश्वरदत्त शर्मा ने संक्षिप्त देवपूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी, हल्दौर के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्तव पर प्रकाश डालते हुए संचालक इन्द्रदेव शर्मा ने युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक चेतना और जीवन में आदर्शों की स्थापना की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर शांतिकुंज, हरिद्वार से पधारी संगीत टोली ने प्रेरणादायी गीत उठो जवानों, देश की धरा पुकारती... की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर युवाओं में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यबोध और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री सुनील शर्मा ने अपने ओजस्वी एवं विचारोत्तेजक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है और उसे अपने आचरण, विचार एवं व्यवहार से संसार में ईश्वर का सच्चा प्रतिनिधि बनने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की सराहना करते हुए अध्यक्षता कर रहे विवेक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एन.के. गुप्ता ने अपने संक्षिप्त एवं सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को संस्कार, नैतिकता, जीवन-मूल्य और सकारात्मक दिशा प्रदान करने वाले ऐसे कार्यक्रमों की अत्यंत आवश्यकता है।

हेमंत कुमार को अखिलेश द्वारा मिले सम्मान से समर्थक गदगद



दलित सम्मेलन में भीड़ के साथ शामिल हुए हेमंत कुमार

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। अफजलगढ़ क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के झंडे तले दलितों के नेता के रूप में उभर रहे क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी हेमंत कुमार को आगरा में अखिलेश यादव से मिले सम्मान को लेकर उनके समर्थक गदगद हैं। रविवार को आगरा में आयोजित सपा के दलित सम्मेलन में हेमंत कुमार शनिवार की रात्रि एक बस व कारों के काफिले के साथ दलित समाज के अपने समर्थकों की भारी भीड़ लेकर आगरा के लिए रवाना हुए थे। अखिलेश यादव को तलवार भेंट की। इस दौरान अखिलेश यादव द्वारा हेमंत कुमार का नाम लेकर किए गए सम्मान से उनके समर्थक गदगद हैं। हेमंत कुमार का कहना है कि समाजवादी पार्टी ही दलितों की सच्ची हितेषी है, जबकि अन्य पार्टियों ने दलितों को मात्र वोट बैंक समझकर इस्तेमाल किया है।

अल्वी समाज विकास सोसाइटी ने 150 लोगों को रजाई बांटी

कोतवाली देहात (चिंगारी)। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव रामपुर अकबराबाद में अल्वी समाज विकास सोसाइटी (रजि.) बिजनौर, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को गांव के 150 गरीब व्यक्तियों को रजाई वितरण किया गया। रजाई वितरण कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष राशिद कादरी के निवास पर संपन्न हुआ। ठंड के मौसम को देखते हुए गरीब परिवारों को रजाई देकर ठंड से बचाव का प्रयास किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राशिद कादरी ने कहा कि सोसाइटी का मकसद गरीब लोगों की मदद करना है, चाहे वह किसी भी जाति-धर्म का हो। लोगों में एक-दूसरे के लिए मददगार बनना और सेवा करना ही सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बिजनौर में अल्वी समाज की यह पहली समाज सेवी सोसाइटी है, जो लगातार इस तरह के कार्यक्रम करती रहेगी। कार्यक्रम में गांव के अकील अहमद, ग्राम प्रधान इसरार अहमद, इंजीनियर फईम अहमद, पत्रकार कल्लन कादरी, जिला अध्यक्ष डॉ. अमानत अली सहित गांव के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



महेंद्र भाटिया और डॉ. इमरान की जोड़ी ने जीता ख़िताब

40+ बैडमिंटन टूर्नामेंट

चांदपुर (चिंगारी)। नगर के एम.एम. इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय 40 प्लस बैडमिंटन टूर्नामेंट में ऑल राउंडर बैडमिंटन क्लब की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में क्लब के महेंद्र भाटिया और डॉ. इमरान अल इकबाल की जोड़ी ने मोहम्मद अरशद और शफीक अहमद की जोड़ी को सीधे दो सेटों में पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट का उद्घाटन फादर सन पब्लिक स्कूल की मैनेजर श्रीमती आभा सिंह ने किया था। प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की आयु 40 वर्ष से अधिक थी। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल ऑल राउंडर बैडमिंटन क्लब के महेंद्र भाटिया और डॉ. इमरान अल इकबाल तथा सिद्दीकी क्लब के सुहेल और आमिर की जोड़ियों के बीच खेला गया। इसमें महेंद्र और इमरान की जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल बेहद रोमांचक रहा। इसमें मोहम्मद अरशद और शफीक अहमद की जोड़ी का मुकाबला लगभग 60 वर्षीय संजय भाटिया सीनियर और उनके हमनाम संजय भाटिया जूनियर की जोड़ी से हुआ। दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और मुकाबला तीन सेटों तक चला। अंततः मोहम्मद अरशद और शफीक अहमद की जोड़ी ने जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट के दौरान नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बैडमिंटन प्रेमी मौजूद रहे। पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ी मंज़र चाचा और इरफान मिर्ज़ा सहित अन्य लोगों ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख बैडमिंटन खिलाड़ियों में आमिर सिद्दीकी, आरिफ सिद्दीकी, रिदम भाटिया, अंतरिक्ष करनवाल, गौहर आलम, फखर आलम, मोहम्मद गजनफर, डॉ. कपिल, नौशाद अली, शमीम अहमद, सैयद जैद तथा उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी समीर मलिक सहित अनेक खेलप्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता ने एक बार फिर साबित किया कि खेल के प्रति जुनून और उत्साह उम्र का मोहताज नहीं होता। 40 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



भाकियू की पंचायत में उठीं किसानों की समस्याएं

बिलाई चीनी मिल से बकाया भुगतान कराने और जिले को गुलदार मुक्त करने की मांग

बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन की मासिक तहसील पंचायत सोमवार को बिजनौर तहसील परिसर में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष कोमन सिंह ने की, जबकि संचालन लवकेश कुमार ने किया। इस दौरान किसानों ने छह सूत्रीय मांग-पत्र तहसीलदार सदर को सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। मांग-पत्र में बिलाई चीनी मिल से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान जल्द कराने, जिले को गुलदार से मुक्त करने तथा रावली खादर क्षेत्र में वन विभाग द्वारा किसानों की भूमि पर किए जा रहे कथित जबरन कब्जे को रोककर जमीन वापस दिलाने की मांग की गई। इसके अलावा बरूकी से फतेहपुर असल मार्ग पर मुजफ्फराबाद उर्फ उगरावाला में जलभराव से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने, ग्राम



पूरनपुर में टूटे बिजली के खंभों को ठीक कराने तथा बिजनौर रेलवे फाटक से वीकेआईटी तक क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कराने की मांग उठाई गई। पंचायत में कोमन सिंह, धर्मवीर धनकर, संदीप त्यागी, जय सिंह, लवकेश, विनीत चौधरी, सोमपाल सिंह, दिनेश कुमार, लवकेश सिंह, मनोज कुमार, बृजेश कुमार, रवि कुमार और बनवारी सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

मनचले की शामत आई, स्कूटी सवार युवतियों ने की पिटाई



बिजनौर (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम जंदरपुर मंडावली में युवतियों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूटी से जा रही युवतियों के साथ एक युवक ने छेड़छाड़ की। इससे नाराज युवतियों ने अपनी स्कूटी रोक ली और युवक को घेर लिया। इसके बाद मौके पर हंगामा हुआ। युवतियों ने युवक की पिटाई कर दी। पिटाई का किसी ग्रामीण ने वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने घटना की जानकारी से इनकार किया है।

बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर युवतियां मंडावर की ओर से स्कूटी से बिजनौर की ओर आ रही थी कि जंदरपुर में एक युवक ने उनके साथ छेड़छाड़ कर दी। युवक की हरकत से नाराज युवतियों ने स्कूटी रोककर उसे पकड़ लिया। इस दौरान युवक व युवतियों के बीच तीखी कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और युवतियों ने युवक को पीटना शुरू कर दिया। सड़क पर युवतियों के युवक को पीटते देखकर आसपास के लोग जमा हो गए। बाद में मौके पर मौजूद लोगों ने युवतियों को समझाकर शांत किया। इस दौरान किसी ग्रामीण ने पिटाई का वीडियो बनाकर लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अवैध फ्रूटी शराब के साथ गिरफ़्तार

किरतपुर (चिंगारी)। किरतपुर पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को 50 फ्रूटी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। भनेड़ा चौकी के इंचार्ज गौरव मलिक के अनुसार कल पुलिस ने चैकिंग के दौरान रविन्द्र कुमार पुत्र नन्दराम निवासी ग्राम गोविन्दपुर को 50 फ्रूटी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े आदमी के खिलाफ थाना किरतपुर में मुकदमा अपराध संख्या 354/26 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। भनेड़ा पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गुरु नानकदेव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुवाणी का श्रवण किया

खासपुरा (चिंगारी)। श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा गुरु नानक चौक खासपुरा में चल रहे अखंड पाठ साहिब की लड़ी में सोमवार को 12वीं लड़ी



का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में संगत ने बड़ी श्रद्धा के साथ हाजरी लगाई और गुरुबाणी का श्रवण किया। गुरुद्वारे के अध्यक्ष चरणजीत सिंह जट्टा ने बताया कि यह लड़ी निरंतर ऐसे ही 26 नवंबर तक चलेगी। 27 नवंबर को कीर्तन दरबार और महानगर कीर्तन निकाला जाएगा, जिसमें सिख पंथ के महान कीर्तन जत्थे खासपुरा पधार रहे हैं।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की संशोधित समय-सारिणी जारी

नये विद्यार्थी 17 नवंबर और नवीनीकरण वाले 20 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन, सीडीओ ने दिये निर्देश

बिजनौर (चिंगारी)। शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत शासन ने आवेदन, सत्यापन और अग्रसारण की तृतीय संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी है। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि नवीन छात्र-छात्राएं 12 से 17 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जबकि नवीनीकरण के आवेदन 20 नवंबर तक किए जा सकेंगे। नवीनीकरण के विद्यार्थियों को आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित शिक्षण संस्थान में जमा करनी होगी। शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने का कार्य 19 नवंबर तक तथा आवेदनों का सत्यापन और अग्रसारण 23 नवंबर तक किया जाएगा। सीडीओ ने सभी शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को निर्धारित समय-सारिणी का पालन करने और पात्र विद्यार्थियों के आवेदन समय से अग्रसारित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

वर्धमान कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आयोजन



बिजनौर (चिंगारी)। वर्धमान कॉलेज, बिजनौर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना उपस्थित रहीं। उन्होंने स्वयंसेवकों को

यातायात नियमों के पालन की शपथ ली

संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. शशिप्रभा, डॉ. ओ.पी. सिंह, डॉ. रेशु शर्मा, डॉ. दिव्या जैन एवं श्री अचिंत्य कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. मोहम्मद साबिर एवं डॉ. अनूप कुमार गुप्ता के निर्देशन में किया गया।

बाला साहब ठाकरे और पंडित रुद्रदत्त शर्मा की पुण्यतिथि मनाई

धामपुर (चिंगारी)। शिवाजी पार्क धामपुर में स्थित सम्पादकाचार्य पंडित रूद्रदत शर्मा पुस्तकालय पर आज प्रात: बाला साहब ठाकरे की 14वीं पुण्य तिथि तथा संपादकाचार्य पंडित रूद्रदत शर्मा की पुण्यतिथि शिव सैनिकों द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर ज्यादा से ज्यादा शिव सैनिक बनाने तथा हर घर से एक-एक व्यक्ति को शिव सेना से जोड़ने का बीड़ा उठाया गया ।


सम्पादकाचार्य पंडित रूद्रदत शर्मा की प्रतिमा व बालासाहेब ठाकरे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए आरके आर्य एडवोकेट।

कार्यक्रम में मंडल प्रमुख आर.के. आर्य एडवोकेट, चौधरी संजय राणा जिला प्रमुख, विकास त्यागी युवा सेना जिला प्रमुख, सोनम त्यागी भवानी सेना जिला प्रमुख, राधिका राजपूत, महेंद्र सिंह सिरोही, गुरमीत सिंह, मनवीर यादव, कुलबीर सिंह, विनोद कुमार चौहान, रामपाल सिंह, सतीश कुमार, आशू कुमार, आयुष सिंह, आयुष त्यागी, कांति देवी, भवानी सेवा नगर अध्यक्ष धामपुर, शांति देवी, अनीता देवी, सुखिया देवी, पूनम देवी, साक्षी रानी, गुरमीत कौर, क्षेत्रपाल सिंह, ब्रजमोहन प्रजापति, चंद्र प्रकाश सैनी, राजेंद्र कुमार पत्रकार मनोज कात्यायन आदि मौजूद रहे।


किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने हनी प्रधान

हल्दौर (चिंगारी)। हल्दौर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गन्ना समिति हल्दौर के नामित संचालक ठाकुर वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा भाजपा किसान मोर्चा का हल्दौर का मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं, जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी।


ठाकुर वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान

ग्राम फरीदपुर सदीरन निवासी ठाकुर वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और पिछले काफी सालों से वह पार्टी व पार्टी संगठन में कड़ी मेहनत लगन व पूरी शिद्दत के साथ पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। वह पार्टी के सभी कार्यक्रमों व चुनावों में भाग लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उनकी इसी लगन व कार्य शैली को देखते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान और भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीन्द्र चौधरी ने उन्हें किसान मोर्चा का हल्दौर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया हैं, जिससे पार्टी कार्यकर्ता व उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त हैं। उधर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ठाकुर वरुण प्रताप सिंह ने पार्टी व शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास व उम्मीद पर उनपर भरोसा जताया हैं, उस पर मैं पूरी निष्ठा, समर्पण व ईमानदारी के साथ संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने तथा पार्टी की रीति नीतियो को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करुंगा। यह पद नही बल्कि मेरे लिए संगठन की सेवा का नया संकल्प हैं।

एक बाइक पर पांच युवकों की स्टंटबाजी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल


नगीना में बाइक पर सवार होकर स्टंट करते जाते पांच युवक।

नगीना (चिंगारी)। एक बाइक पर पांच युवकों के सवार होकर स्टंटबाजी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो नगीना-बढ़ापुर मार्ग का बताया जा रहा है। वीडियो में पांच युवक एक ही बाइक पर सवार होकर सड़क पर फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। एक युवक बाइक के पीछे लटका हुआ दिखाई दे रहा है। युवकों की यह लापरवाही सड़क हादसे को न्योता देती नजर आ रही है। यातायात नियमों को ताक पर रखकर की जा रही इस तरह की हरकत से न केवल युवकों की जान खतरे में पड़ रही है, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सीओ आलोक सिंह का कहना है कि बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

स्योहारा शुगर मिल ने किया 9.69 करोड़ का भुगतान

स्योहारा (चिंगारी)। अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड द्वारा किसानों को गन्ना मूल्य के रूप में कुल 9 करोड़ 69 लाख की धनराशि का भुगतान कर दिया गया है। उक्त धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेज दी गई है। मिल प्रबंधन ने कहा कि किसानों का हित एवं उनकी आर्थिक समृद्धि मिल की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसानों को उनके गन्ने का भुगतान समयबद्ध एवं नियमित रूप से सुनिश्चित करने के लिए मिल प्रबंधन निरंतर प्रतिबद्ध है।

नाचने से इंकार किया, तो साढ़ू ने मारपीट कर नकदी व बाइक छीनी

नांगल सोती (चिंगारी)। एक व्यक्ति ने अपने साढ़ू तथा उसके भाई पर मारपीट कर 12 हजार रूपये और मोटरसाइकिल छीनकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा है। नांगल थानांतर्गत ग्राम सराय आलम निवासी कामेन्द्र पुत्र ऋषिपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपनी ससुराल ग्राम भवानीपुर थाना मंडावर में एक जन्मोत्सव कार्यक्रम में गया था। वहां उसके साढ़ू अनूप निवासी ग्राम टांडा माईदास थाना रायपुर सादात ने अपने भाई मोनू के साथ उसे शराब पीने तथा नाचने के लिये खींचने का प्रयास किया। उनकी अभद्रता से तंग आकर वह अपनी पत्नी तथा बच्चों को लेकर वहां से अपने घर के लिये चल दिया। अनूप तथा मोनू ने उसका पीछा किया और रात्रि साढ़े आठ बजे उसे नांगल तथा सराय आलम के बीच रोक लिया और लात - घूंसों से मारना-पीटना शुरू कर दिया। कामेन्द्र का आरोप है कि उन्होंने उससे 12 हजार रूपये और उसकी मोटरसाइकिल छीन ली। मारपीट में उसे तथा उसकी पत्नी को गुम चोटें आई हैं। उसने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

मुक्तेश्वर नाथ बालाजी धाम में हुआ संकट मोचन हवन

नगीना (चिंगारी)। दीपावली पर्व के अवसर पर मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ बालाजी धाम में संकट मोचन हवन का आयोजन किया गया। गुरु सचिन अग्रवाल के सान्निध्य में आयोजित हवन-पूजन में पंडित विपिन त्रिपाठी ने विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। हवन में गुरु सचिन अग्रवाल के साथ सेवादार शीतांशु अग्रवाल, अतुल भारद्वाज, रोहन गोयल, घनश्याम सैनी, अंकित अग्रवाल, अक्षय बंसल, सचिन सैनी, प्रभात सैनी, सिंटू सैनी, अभि सैनी, प्रदीप सैनी, दीपक कुशवाह, प्रियंका शर्मा, कुसुम, अनमोल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


नगीना के बड़ा मंदिर में हुए हवन पूजन में उपस्थित श्रद्धालु।

गुरुद्वारे से निकली द्वितीय प्रभात फेरी

दुआ परिवार ने किया स्वागत

धामपुर (चिंगारी)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में चल रहे गुरु नानक देव जी के 12 दिवसीय प्रकाश उत्सव के अंतर्गत आज श्री गुरु नानक मार्ग स्थित गुरुद्वारा से गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट और सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला के निर्देशन में निकाली गई प्रभात फेरी का पहला स्वागत राजेंद्र कुमार दुआ, प्रियंका दुआ एवं यश कुमार दुआ के परिवार की ओर से किया गया। जबकि दूसरा स्वागत टीचर्स कॉलोनी में सरदार गुरविंदर सिंह छाबड़ा तथा अमरजीत कौर छाबड़ा के संरक्षण में हुआ ।

तीसरा स्वागत दुआ परिवार की संरक्षक स्वर्गीय माता पुष्पा रानी दुआ के समूचे परिवार की ओर से किया गया जिसमें सरिता सचदेवा, अमित सचदेवा, मोनिका सचदेवा, शिवांश सचदेवा, शिवांशी सचदेवा, दिनेश दुआ, शशि दुआ, योगेश दुआ, संगीता दुआ, जगदीश दुआ, चंचल दुआ, सतीश दुआ, अंजू दुआ, गौरव दुआ, काजल दुआ, प्रिषा दुआ, प्रियांशी दुआ, प्रगति दुआ, संयम दुआ,


दुआ परिवार को गुरु नानक देव जी का चित्र भेंट करते हुए गुरुद्वारे के अध्यक्ष।

लक्ष्य दुआ, यश दुआ, मिताली दुआ आदि का योगदान रहा। इस कार्यक्रम में नगर के समाजसेवी राजेश कुमार छाबड़ा, निखिल छाबड़ा सन्नी, प्रमोद आहूजा, वीरेंद्र आहूजा आदि नागरिकों को सम्मान प्रदान किया गया।

प्रभात फेरी का स्वागत करने वाले परिवारों को गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार हरपाल सिंह चावला, अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला, सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, सरदार तनप्रीत सिंह मोगा, सरदार रविंद्र सिंह सीडाना, डॉक्टर अमरजीत सिंह चावला, सरदार तरजीत सिंह मोगा, सरदार गगनदीप सिंह चावला, सरदार गुरमीत सिंह गांधी, राजू सरदार, बुध सिंह चावला, वेद प्रकाश जुनेजा, टोनी आदि ने सरोपा भेंट करके तथा शाल ओढाकर सम्मानित किया। प्रभात फेरी में उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा ,पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा व सिख संगत कीर्तन करते हुए शामिल रहे।

पुत्र के साथ भाई के घर जा रही महिला की दुर्घटना में मौत

नूरपूर (चिंगारी)। सोमवार की देर शाम करीब 8:40 बजे मुरादाबाद मार्ग स्थित शिव मंदिर चौक के पास डीसीएम चालक ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार जनपद अमरोहा के थाना नौगावां सादात के गांव खानपुर तगा बसेड़ा निवासी बाइक सवार अतुल कुमार अपनी मां सुमन देवी (42) के साथ हल्दौर क्षेत्र के गांव पैजनिया में अपने मामा के घर जा रहे थे। जब वह



शिव मंदिर चौराहे के पास पहुंचे, तो पीछे से डीसीएम चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सुमन देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के पुत्र अतुल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने डीसीएम चालक गुरमीत पुत्र जोगेन्द्र (जालंधर) के विरुद्ध तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. परवेज व उसकी पत्नी मुस्कान जो मुझ से अलग रहते है और वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-इशरत पत्नी इदरीस अहमद, निवासी मौ. जुलाहान, बिजनौर

संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मनीष कुमार व उसकी पत्नी रंगोली देवी जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो व हउसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-पवन कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. रामेश्वर दयाल**, निवासी गोविन्दनगर काशीरामपुर मल्ला, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड।

पर्स काटकर नकदी, चेन व मोबाइल उड़ाया

चांदपुर (चिंगारी)। एक महिला ने एक महिला व एक पुरुष पर ब्लेड से उसका पर्स काटकर 10 हजार रूपए की नकदी, एक सोने की चेन व एक मोबाइल चोरी कर लेने का आरोप लगाया। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम अकबरपुर तिगरी निवासी गुलफशा पत्नी मौ. काशिम ने बताया कि वे 14नवमबर को अपनी बहन के साथ चांदपुर में लगने वाले शनिचर बाजार में आई थी। गुलफशा के अनुसार बाजार में भीड़ होने के कारण फरीदा व नसीम अहमद निवासी चांदपुर पर उसके पर्स में ब्लेड मारकर 10हजार रूपए की नकदी, एक सोने की चैन, एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

तेरहवीं से लौटते समय हादसे में दो व्यक्ति घायल

नांगल सोती (चिंगारी)। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गये। बाइक चालक की आंख के पास गंभीर चोट लगी है, उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ग्राम जीतपुर खास निवासी महाराज सैनी एवं संतराम सैनी सोमवार को एक बाइक पर मंडावर क्षेत्र के ग्राम कजीवाला में एक तेरहवीं में शामिल होने गये थे। वापस लौटते हुए शाम लगभग 6 बजे जब उनकी बाइक चंदक-नांगल मार्ग पर ग्राम कामराजपुर के समीप पहुंची, तो विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चालक संतराम सैनी (50 वर्ष) तथा पीछे बैठे महाराज सैनी (60 वर्ष) घायल हो गये। महाराज सैनी के सिर में चोट आई है, जबकि संतराम सैनी की एक आंख पर तथा आंख के पास गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस द्वारा मंडावर स्थित सीएचसी भिजवाया। सीएचसी में महाराज सिंह का उपचार कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल संतराम सैनी को पहले जिला चिकित्सालय तथा फिर मेरठ मेडिकल कॉलेज के लिये रैफर कर दिया गया।

रालोद से जुड़ें यूथ, संगठन को करें मजबूत - अंकुल

चांदपुर (चिंगारी)। ग्राम जलीलपुर में राष्ट्रीय लोकदल की बूथ सशक्तीकरण के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा रालोद नेता अंकुल चौधरी ने ग्रामवासियों, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए और नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। स्वस्थ शरीर, अच्छी शिक्षा और सकारात्मक सोच ही युवाओं को एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाती है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम, आपसी समन्वय और जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। श्रवण कुमार (ग्राम प्रधान, हरिनगर वाले) की अध्यक्षता एवं इरशाद अहमद के



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए युवा रालोद नेता अंकुल चौधरी

संचालन में आयोजित बैठक में महेश भैया, वीरेंद्र कश्यप, धर्मवीर सैनी, सुरेन्द्र नाथ, डम्पी, सीटू चौधरी, मोहित कोहली, अरुण कोहली, मोहित भड़ाना, योगेंद्र काकरान, नाथू सिंह, सोनू चिकारा, विक्रांत चिकारा, ललित कुमार, सुमित कुमार, मलकीत सरदार, बलजीत सरदार, डॉ. निरवीर सिंह, शादाब खान, मोहम्मद अजहर एवं नदीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

घर में घुसकर छेड़छाड़ की, विरोध किया पीट दिया

चांदपुर (चिंगारी)। एक महिला ने एक युवक पर उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ व उसके साथ जबरदस्ती करने तथा विरोध करने पर उसके तथा उसके पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि 16 नवम्बर को सायं 4 बजे वह घर में अकेली थी, तभी अंकित पुत्र अतरे सिंह उसके घर आया तथा उसे अकेला देख उसके साथ छेड़छाड़ की और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। उसके शोर मचाने पर अंकित वहां से भाग गया। पति को घटना से अवगत कराया। महिला का पति जब शिकायत करने अंकित के घर गया तो अंकित व अभिषेक और उसका पिता लल्लू ने महिला के पति के सिर में ईंट उठाकर मार दी। जब वह अपने पति को बचाने गई तो बाप-बेटों ने उसके साथ भी मारपीट की। महिला का यह भी आरोप है कि इन लोगों ने उसके पुत्र से मोबाइल भी छीन लिया, जिसमें मारपीट की वीडियो बनी हुई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गंदगी, सीलन और बदबूदार बारातघर की हालत में हो सुधार

चांदपुर (चिंगारी)। सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र राजपूत ने नगर के बास्टा रोड स्थित बारातघर की खस्ता हालत पर रोष जताते हुए जनहित में बारातघर की मरम्मत कराने की मांग की है। जिलाधिकारी को भेजे गये पत्र में वीरेन्द्र राजपूत ने कहा कि नगर के बास्टा रोड (मोहल्ला मुफ्ती सराय) में सांसद निधि से बारातघर का निर्माण कराया गया था। इसका उद्देश्य क्षेत्र के दलित और गरीब परिवारों की शादी के लिए सुविधा उपलब्ध कराना था। बारातघर की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद चांदपुर की होने के बावजूद बारातघर की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। बारातघर में गंदगी, सीलन और अन्य अव्यवस्थाओं के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वीरेंद्र राजपूत का आरोप है कि बारातघर की नियमित सफाई और रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते गरीब परिवारों को शादी-विवाह के आयोजन करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। आरटीआई एवं



वीरेन्द्र राजपूत ने डीएम को भेजा पत्र

सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र राजपूत ने जिलाधिकारी से बारातघर की सफाई एवं मरम्मत कराने तथा इसके रखरखाव की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की।

विद्यालय में घुसा रसल वाइपर सांप

शेरकोट (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम नसीरदीवाला के प्राथमिक विद्यालय में बेहद विषेला रसल वाइपर सांप आ जाने से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे सर्प मित्र कक्षा में जाकर छिपे रसल वाइपर का सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ ले गए। विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षामित्र अरूण कुमार ने बताया कि तीन दिन पहले लंच टाइम के दौरान बच्चे एक कमरे में खाना खा रहे थे। इस दौरान उन्हें विद्यालय परिसर में एक बड़ा सांप घूमता दिखाई दिया। जिसे देखकर वह भयभीत हो गए। शिक्षिका हिमानी रानी, आसमा जीशान, प्रवेशवती, नीरज कुमारी को बताए जाने पर सभी कमरों से निकलकर बाहर आ गए। इसकी सूचना ग्राम प्रधान व वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। कुछ देर बाद सांप एक बंद कमरे में जाकर घुस गया। गनीमत रही कि जिस कमरे में सांप घुसा, उस कमरे में बच्चे नहीं थे। सूचना पर सर्पमित्र भरत भास्कर मौके पर पहुंचे और कमरे में छुपे रसल वाइपर का सुरक्षित ढंग से रेस्क्यू कर लिया। वे इसे वन क्षेत्र में छोड़ने के लिए अपने साथ ले गए। सांप के पकड़े जाने पर भयभीत हुए विद्यालय के बच्चों और स्टाफ ने राहत की सांस ली।



अंडे नहीं, एक बार में 60 से 80 तक बच्चे देता है रसल वाइपर

सर्पमित्र भरत भास्कर ने बताया कि रसल वाइपर बेहद विषेला सांप होता है। इसे धामड़ के नाम से भी जाना जाता है। ये शरीर के जिस अंग पर काटता है, वहां फफोले पड़ने लगते हैं और वह गलने लगता है। उन्होंने बताया कि रसल वाइपर सर्प प्रजाति में ऐसा सांप है जो अंडे नहीं बच्चे देता है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से बिजनौर जनपद में इस प्रजाति के सांप काफी संख्या में मिल रहे हैं। एक बार में 60 से 80 तक बच्चे पैदा होने से इसकी संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया ये सांप सर्दी में भी बाहर निकलता है और जंगल में विशेषकर गन्ने के खेत में दिखाई देता है। उन्होंने किसानों को जंगल में जूते पहनकर जाने और सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने को रहें तत्पर- कपिल कृष्ण महाराज

श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस में सुनाये नारद जी के पूर्व जन्म और महाभारत के प्रसंग

नगीना (चिंगारी)। बिश्नोई सराय स्थित पंजाबी धर्मशाला के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य पंडित कपिल कृष्ण महाराज ने भागवत के मंगलाचरण के साथ धर्म के सार तत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि धर्म एक है और वह सनातन धर्म है। धर्म की रक्षा के लिए प्रत्येक मानव को दधीचि ऋषि की तरह अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पांडवों की रक्षा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मनुष्य को सनातन धर्म और भगवान की शरणागति अपनानी चाहिए। इसी से मानव जीवन और भक्तों का कल्याण संभव है। उन्होंने नारद जी के पूर्व जन्म का चरित्र सुनाने के साथ महाभारत का दिव्य प्रसंग भी सुनाया। महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति अपने भाई-बंधुओं के अधिकारों का हनन करता है, उसका कौरवों की तरह समूल विनाश हो जाता है। इसलिए संसार में कभी भी किसी का हक नहीं मारना चाहिए। महाभारत की कथा से प्रत्येक व्यक्ति को यह सीख लेनी चाहिए। कथा के दौरान आचार्य नवनीत प्रसाद गैरोला, पंडित आशीष नौटियाल, विजय भारत, संगीताचार्य मनोज उनियाल, तबला वादक अरविंद पैनौली सहित आकाश थापन, रेखा थापन, काजल थापन, रूपा विश्नोई, उमा थापन, तुषार थापन, उज्ज्वल चंद्रा, प्रेमराज चौहान, मंजू विश्नोई, रेखा मेहता, संजीव मेहता आदि मौजूद रहे।


नगीना में भागवत कथा सुनाते पंडित कपिल कृष्ण महाराज।

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी

नगीना (चिंगारी)। श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा संत सभा से प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। पहली प्रभात फेरी सोमवार सुबह गुरुद्वारे से शुरू होकर लाल सराय, पंजाबी कॉलोनी और स्टेशन रोड से होते हुए वापस गुरुद्वारे पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में संगत ने शबद-कीर्तन करते हुए गुरु महिमा का गुणगान किया। ज्ञानी कृष्ण सिंह और तारा सिंह के नेतृत्व में हुए कीर्तन से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। गुरुद्वारा पहुंचने पर बीबी गुरचरण कौर और सतविंदर सिंह डिंपी के परिवार ने पुष्पवर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया और संगत को प्रसाद वितरित किया। निशान साहिब की सेवा निशांत सिंह ने की। इस अवसर पर गुरुद्वारा संत सभा के प्रधान सरदार केवल पाल सिंह, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, करनप्रीत सिंह, तरनप्रीत सिंह, चारु मल्होत्रा, मनप्रीत कौर, दीपक मल्होत्रा, दयाराम सिंह, शिव मिगलानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


प्रभात फेरी निकालते सिख समाज के लोग।

मारपीट व इलाज में लापरवाही बरतने पर गर्भवती की मौत, एक गिरफ्तार

नहटौर (चिंगारी)। गर्भवती महिला के साथ मारपीट और इलाज में लापरवाही बरतने से हुई मौत के मामले में नहटौर पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मोहल्ला बागवान छापेग्रान नहटौर निवासी विपिन कुमार पुत्र बाबूराम सिंह ने आरोप लगाया था कि डॉ. यादराम पुत्र यशपाल, डॉ. लक्ष्मी पत्नी राजकुमार, डॉ. धर्मपाल सिंह पुत्र यशपाल उर्फ पल्लू निवासीगण मोहल्ला बागवान छापेग्रान नहटौर, प्रवेन्द्र पुत्र गजेन्द्र सिंह तथा सोनिका सिंह डिजिओ सरकारी अस्पताल स्याऊ, थाना चांदपुर ने उसकी गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट कर उपचार में लापरवाही बरती गई, जिसके परिणामस्वरूप वादी की पत्नी एवं उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर करवाई शुरू की थी। सोमवार को पुलिस ने वांछित अभियुक्त राजकुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

'एक शाम, श्याम बाबा के संग' कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चांदपुर (चिंगारी)। श्याम परिवार की ओर से आयोजित द्वितीय खाटूश्याम कीर्तन एक शाम श्याम बाबा के संग में वातावरण भक्तिमय एवं श्रद्धामय हो गया। श्याम बाबा के सुंदर भजनों से श्रद्धालु झूम उठे। बीती रात नगर के मुहल्ला चिम्मन में आयोजित खाटूश्याम कीर्तन की मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेत्री शक्ति भारद्वाज मित्तल रही। इस अवसर पर मनोज शर्मा ग्वालियर, प्रेरणा आर्य, मनु वर्मा, रिया अग्रवाल ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शक्ति भारद्वाज मित्तल ने बाबा श्याम से सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर श्याम परिवार के सदस्यों रोहित कुमार, संजय कुमार, संतोष कुमार, सचिन कुमार, विनोद कुमार व अमित कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अनिरुद्ध मित्तल, महेन्द्र कुमार, सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



4,31 हजार लेने के बाद गायब हो गया

चांदपुर (चिंगारी)। नगर के एक टाइल्स व्यापारी ने गुजरात के टाइल्स व्यापारी पर 4,31,000 रूपये लेने के बाद अपना मोबाइल बंद कर लेने का आरोप लगाया है। नगर के मुहल्ला कायस्थान निवासी अश्वनी जिंदल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी सातो इमली पर टाइल्स की दुकान है। उनका मोरबी गुजरात निवासी रमेश भाई कौशिक से टाइल्स खरीदना तय किया तथा उसके 2,31000 रूपये एचडीएफसी बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दिये तथा 2 लाख रूपये नकद सहित कुल 4,31000 रूपये का भुगतान कर दिया। अश्वनी जिंदल ने बताया कि रमेश भाई कौशिक ने अपना फोन बंद कर लिया है तथा वे आफिस से गायब है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

अष्टानिका पर्व प्रारंभ



किरतपुर (चिंगारी)। कार्तिक मास का अष्टानिका पर्व आज अष्टमी को प्रारंभ हो गया है। यह पर्व 24.11.26 पूर्णिमा तक तीनों मंदिरों में विधि-विधान से उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में प्रथम दिवस जलाभिषेक एवं नित्य पूजन के साथ-साथ श्री नंदीश्वर द्वीप एवं पंचमेरू की विशेष पूजा श्रद्धालु अनिल जैन द्वारा की गई। आगम के अनुसार मान्यता है कि इन आठ दिनों में स्वर्ग में निवास करने वाले देवतागण नंदीश्वर द्वीप पहुंच कर पूजा-अर्चना करते हैं। अष्टानिका पर्व में श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का भी आयोजन किया जाता है। यह विधान श्रावक अपनी सुविधानुसार पांच या 7 दिन में भी संपूर्ण कर सकते हैं, लेकिन अष्टानिका पर्व आठ दिन में ही पूर्ण होता है। इस पर्व में अठाई रासा भी पढ़ने का विशेष महत्व है। अठाई रासा में नंदीश्वर द्वीप का महत्व एवं उसके फल का वर्णन किया गया है।

नगर पालिका के पूर्व इंस्पेक्टर व पत्रकार के भाई के निधन पर प्रेस क्लब ने जताया शोक

स्योहारा (चिंगारी)। सोमवार को प्रेस क्लब स्योहारा की एक बैठक स्टेशन रोड स्थित वर्मा नर्सिंग होम पर आयोजित की गई, जिसको संबोधित करते हुए प्रेस क्लब के संरक्षक डा.मनोज कुमार वर्मा ने दोनों मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए दोनों के जीवन के विषय में विस्तार से बताया। वहीं सह संरक्षक डा.शाश्वत वर्मा ने दोनों मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिवार वालों को संवेदना प्रकट की। प्रेस क्लब के अध्यक्ष रियाजुलहक उर्फ प्रिंस ने दोनों मृतकों की आत्मा की शांति के लिये दुआ की। सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट किया। प्रेस क्लब उपाध्यक्ष नादिर त्यागी के 76 वर्षीय पिता शाकिर हुसैन का बीमारी के चलते निधन हो गया था। वहीं पत्रकार गय्यूर चौधरी के 40 वर्षीय भाई मरगूब का केरल में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। इस अवसर पर प्रेस क्लब स्योहारा के संरक्षक डा.मनोज कुमार वर्मा, संरक्षक धर्मेन्द्र कुमार भुईयार, सह संरक्षक डा.शाश्वत कुमार वर्मा, प्रेस क्लब स्योहारा अध्यक्ष रियाजुलहक उर्फ प्रिंस, महामंत्री चमन भारद्वाज, नादिर त्यागी, अश्वनी विश्नोई, आकाश तोमर, इकबाल अंसारी, गय्यूर चौधरी, फजल अंसारी, कपिल शर्मा, अंकुल प्रजापति, राशिद पीटर आदि ने शोक जताया। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाजुलहक प्रिंस ने की तथा संचालन कोषाध्यक्ष अरशद चौधरी ने किया।





राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

बुधवार, 18 नवम्बर 2026

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, जिम्मेदारियों की पूर्ति, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, घरेलू वातावरण में हर्ष एवं उल्लास, पठन-पाठन में अभिरुचि।

वृषभ- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, बुद्धि चातुर्य से कुछेक कार्यों में अनुकूलता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, राजकीय पक्ष से सहयोग।

मिथुन- आज दिन 3/31 बजे तक सोचे हुए कार्य अधूरे, पारस्परिक कटुता, हानि भी शेष समय में आर्थिक स्थिति बेहतर, बकाए धन की प्राप्ति, मौजमस्ती हेतु व्यय।

कर्क- आज दिन 3/31 बजे तक शुभ समय, शारीरिक सुख, व्यापार में धन निवेश, यात्रा सुखद, शेष समय में परेशानी का संकेत, प्रतियोगिता में असफलता, विचारों में उग्रता।

सिंह- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश की प्राप्ति से घरेलू वातावरण में हर्षोल्लास, आपसी सलाह से कामयाबी, यात्रा भी।

कन्या- मनोरथ पूर्ण, आर्थिक व्यावसायिक उन्नति का सुयोग, जटिल समस्याओं का समाधान, परोपकार की भावना जागृत, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक।

तुला- आज दिन 3/31 बजे तक प्रतिकूलता, आरोग्य सुख में कमी, धन का अभाव, विरोधी प्रभावी, शेष समय में दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों से वांछित सहयोग।

वृश्चिक- आज दिन 3/31 बजे तक अनुकूलता, सामयिक सिद्धि, अधिकारियों से लाभ, आपसी सम्बन्ध मधुर, शेष समय में परिस्थितियां विपरीत, शुभफलों में न्यूनता।

धनु- अभिलाषा की पूर्ति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, वैमनस्यता का समापन, वैवाहिक जीवन में सुखशांति, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, गलतफहमी दूर।

मकर- व्यवसाय में विस्तार, महत्वपूर्ण कार्यों में अपेक्षित सहयोग, धन सम्पत्ति का मसला हल होने की ओर, मित्रों की गतिविधियों से मानसिक राहत, आय के नवीन स्रोत।

कुम्भ- आज दिन 3/31 बजे तक समय विपरीत, लाभ में कमी, विचारों में उग्रता, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, शेष समय अनुकूल, मनोबल में वृद्धि, व्यक्तिगत कठिनाइयां कम।

मीन- आज दिन 3/31 बजे तक सफलता, लाभ का मार्ग प्रशस्त, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, शेष समय निराशाजनक, जोखिम से नुकसान, वाहन से चोट-चपेट।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

आध्यात्मिक शक्ति के साथ प्रदेश को आर्थिक शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना सरकार का लक्ष्य- मुख्यमंत्री धामी

प्रदेश में 29 हजार से अधिक नई एमएसएमई इकाइयां स्थापित, 1.27 लाख से अधिक युवाओं को मिला प्रत्यक्ष रोजगार

देहरादून (चिंगारी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होटल ताज मसूरी, देहरादून में EEPC India द्वारा आयोजित 56वें उत्तरी क्षेत्रीय निर्यात उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों एवं निर्यातकों को सम्मानित किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि EEPC India पिछले कई वर्षों से भारतीय इंजीनियरिंग उद्योग की प्रतिभा, परिश्रम और उत्कृष्टता को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने परिषद से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सम्मानित होने वाले उद्यमियों और निर्यातकों ने अपने परिश्रम, नवाचार और उत्कृष्ट उत्पादों के माध्यम से 'मेड इन इंडिया' को वैश्विक स्तर पर नई पहचान और प्रतिष्ठा दिलाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक बाजार तेजी से बदल रहे हैं और प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। ऐसे में किसी भी देश की पहचान केवल उसके उत्पादन से नहीं, बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और नवाचार से बनती है। भारत का विश्वास है कि दुनिया उसका बाजार है और गुणवत्ता उसकी पहचान है। यही सोच भारत को वैश्विक औद्योगिक शक्ति बनाने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का आधार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ उद्योग, विनिर्माण, निवेश और निर्यात की दृष्टि से भी अपार संभावनाओं वाला राज्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद एक समय ऐसा भी था, जब पर्वतीय राज्य होने के कारण यहां उद्योगों और बड़े निवेश की संभावनाओं पर सवाल उठाए जाते थे, लेकिन राज्य सरकार ने इन चुनौतियों को अवसर में बदलने का संकल्प लिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को केवल रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी बनाना चाहती है। इसी उद्देश्य से स्टार्टअप नीति के साथ 200 करोड़ रुपये का वेंचर फंड भी स्थापित किया गया है। उधमसिंह नगर के खुरपिया में लगभग एक हजार एकड़ भूमि पर करीब 1,100 करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किया जा रहा है। इससे प्रदेश में 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आने और लगभग 25 हजार युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

बाबा जैनुद्दीन की दरगाह पर 397वां तीन दिवसीय उर्स शुरू

तीनों दिन होगा कव्वालियों का मुकाबला, मेले में उमड़ेगी जायरीनों की भीड़

हरेवली (चिंगारी)। निकटवर्ती ग्राम खिजरपुर स्थित बाबा जैनुद्दीन की दरगाह पर हर वर्ष की भांति इस बार भी 397वें तीन दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया है। मेला संयोजक अब्दुल लतीफ अल्वी ने बताया कि उर्स आज से 19 नवम्बर तक चलेगा। तीनों दिन कव्वालियों के शानदार मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। मेले में आने वाले जायरीन की सुविधा के लिए प्रकाश एवं पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए निगरानी समिति का गठन भी किया गया है। गौरतलब है कि बाबा जैनुद्दीन की दरगाह पर आयोजित होने वाले इस मेले में आसपास के गांवों के अलावा दूरदराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं। श्रद्धालु दरगाह पर चादर और प्रसाद के रूप में खिचड़ी चढ़ाकर अपनी मन्नतें मांगते हैं। क्षेत्र में मान्यता है कि बाबा के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मुराद पूरी होती है। उर्स को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर डीआईपीआर डिजिटल पॉडकास्ट का शुभारंभ

सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को मिलेगी नई दिशा

देहरादून (चिंगारी)। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जिला सूचना कार्यालय देहरादून में डीआईपीआर डिजिटल पॉडकास्ट का औपचारिक शुभारंभ किया गया। सूचना महानिदेशक एवं एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीध र तिवारी ने स्वयं पहला पॉडकास्ट रिकॉर्ड कर इस डिजिटल पहल की शुरुआत की।



इस अवसर पर महानिदेशक ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में पॉडकास्ट सूचना और संवाद का एक बेहद प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इसके जरिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़ी जानकारियों को आम जनता तक बेहद सरल और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान सूचना महानिदेशक ने सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही 'फेक न्यूज' के बढ़ते प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में हर नागरिक की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे किसी भी सूचना को आगे बढ़ाने या साझा करने से पहले उसकी सत्यता की भली-भांति जांच अवश्य करें।

स्थानीय संस्कृति के प्रसार पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ने हमारी संस्कृति, परंपराओं और त्यौहारों को वैश्विक पहचान दिलाई है। हरेला, इगास और छठ पूजा जैसे लोक पर्वों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि आज इन माध्यमों से हमारी लोक संस्कृति देश-दुनिया के कोने-कोने तक पहुंच रही है। उन्होंने युवा पीढ़ी और पत्रकारिता के विद्यार्थियों से अपील की कि वे सोशल मीडिया का उपयोग समाज में सकारात्मक संवाद, विश्वसनीय सूचना और जनजागरूकता फैलाने के लिए करें। इस दौरान सूचना महानिदेशक ने जिला सूचना कार्यालय देहरादून का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की 'गौरा' टीम गठित

स्कूलों में छात्राओं की आत्मरक्षा के लिए कर रहीं प्रशिक्षित

ऋषिकेश (चिंगारी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्रीमती श्वेता चौबे के निर्देशन में जनपद के सभी 12 थानों में गठित टीम 'गौरा' द्वारा महिला सुरक्षा, बालिका सशक्तीकरण एवं आत्मरक्षा को लेकर निरंतर जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। विगत 7 माह से टीम की प्रशिक्षित महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के स्कूलों एवं कॉलेजों में जाकर छात्राओं को आत्मरक्षा अनआर्म्ड कॉम्बैट (बिना हथियार आत्मरक्षा) एवं उनके विधिक अधिकारों के संबंध में जानकारी देने के साथ ही व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

टीम गौरा के प्रमुख कार्य एवं योगदान

आत्मरक्षा प्रशिक्षण- स्कूलों एवं कॉलेजों में छात्राओं को विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए आर्म्ड कॉम्बैट (बिना हथियार आत्मरक्षा) का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा कर सकें। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों, गुड टच-बैड टच, साइबर अपराधों से बचाव, महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी जा रही है। टीम द्वारा स्कूलों, कॉलेजों के आसपास एवं संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्त कर छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। जनपद के सभी 12 थानों में गठित टीम गौरा की कमान प्रशिक्षित महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपी गई है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, आत्मनिर्भर बनाने तथा समाज में उनके लिए सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण तैयार करना है।

एसएसपी ने टीम गौरा को टी-शर्ट वितरित की

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा टीम गौरा की सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत 7 माह के दौरान टीम द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सदस्यों से फीडबैक प्राप्त किया गया। एसएसपी द्वारा महिला पुलिस कर्मियों के प्रयासों एवं कार्यों की सराहना करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए टीम गौरा की टी-शर्ट वितरित की गई।

उत्साहवर्धन के लिए टी-शर्ट वितरित की गई

एसएसपी ने सभी सदस्यों को महिला एवं बालिका सुरक्षा के प्रति पूरी संवेदनशीलता, समर्पण के साथ कार्य करने तथा स्कूलों में छात्राओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

टिहरी पुलिस की अपील

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, साइबर अपराध अथवा अन्य समस्या की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि तत्काल पुलिस को सूचना दें। टिहरी पुलिस आपकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

भालू के हमले में मारी गई महिला के परिवार को एक करोड़ की मांग

यूकेडी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

कोटद्वार (चिंगारी)। तीन दिन पूर्व दुगड्डा ब्लाक के ग्राम चरेख में भालू के हमले में मारी गई एक महिला के परिवार को एक करोड़ रूपये मुआवजा देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर यूकेडी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तहसील कोटद्वार में प्रदर्शन करते हुए लोगों ने कहा कि जंगली जानवरों का हमला लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है और छोटे बच्चों को स्कूल भेजने में लोग कतराने लगे हैं। इस दौरान नाराज लोगों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गहरी नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ग्राम चरेख में पिछले दिनों भालू ने अंजना देवी को हमला कर मौत के घाट उतार दिया। कहा कि प्रभावित परिवार को एक करोड़ रूपये का मुआवजा देने के साथ ही किसी एक को नौकरी व भालू को मारने के आदेश जब तक जारी नहीं किये जाते तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन करने वालों में यूकेडी नेता नरेश धस्माना, रविन्द्र सौंद, बसंती रावत, सीमा देवी, मनोज, रीना देवी, आशा देवी, संतोषी, शकुन्तला देवी, कुसुम, शर्मिला, कपिल, संतोष कुमार, अजय सिंह, महिपाल समेत कई लोग शामिल रहे।

कालागढ़ टाइगर रिजर्व में पक्षियों की गणना हुई पूरी

कोटद्वार (चिंगारी)। कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग में पक्षियों की गणना और सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है। दो दिवसीय सर्वेक्षण में वन विभाग की कई टीमों ने क्षेत्र की अलग-अलग रेंजों में पक्षियों की प्रजातियों की पहचान कर उनका रिकॉर्ड तैयार किया। पक्षियों की गणना के लिए दुगड्डा से रथुवाढाब, पाखरो से मोरघट्टी सहित विभिन्न बर्ड ट्रेल्स चिह्नित किए गए थे और गणना के लिए ई-बर्ड मोबाइल एप का इस्तेमाल किया गया। लैंसडौन प्रभाग के साथ ही केटीआर प्रभाग में पक्षियों की समृद्ध विविधता मौजूद है। पूर्व में किए गए सर्वेक्षणों और उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार यहां 350 से अधिक प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं।

इस विविधता का वैज्ञानिक तरीके से दस्तावेजीकरण करने के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देश पर सर्वेक्षण कराया गया। सर्वेक्षण में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के विशेषज्ञ ने भी तकनीकी सहयोग दिया। कोटद्वार के प्रकृति प्रेमी और बर्ड स्पेशलिस्ट राजीव बिष्ट ने वन कर्मियों को पक्षियों की पहचान, बर्ड वॉचिंग की तकनीक और क्षेत्र में मौजूद पक्षी विविधता की जानकारी दी।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

बोक्सा जनजाति के लोगों को प्रमाण-पत्र वितरित किये, किसानों को बीज दिये

कोटद्वार (चिंगारी)। भाबर क्षेत्र के अन्तर्गत हल्दूखाता स्थित एवीएन स्कूल में डीएम पौड़ी के निर्देशन में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में बोक्सा जनजाति के लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान 39 स्थायी निवास और पांच जाति प्रमाणपत्र जारी किए गए। कृषि विभाग ने 10 किसानों को बीज वितरित किये। हिमालयन जनजातीय समिति की अध्यक्ष प्रभा देवी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का शुभारंभ एसडीएम संदीप कुमार, पार्षद जेपी बहुखंडी और मनीष नैथानी ने संयुक्त रूप से किया। बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत और जनजातीय नृत्य प्रस्तुत कर समा बांधा। शिविर में प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग की ओर से प्रमाणपत्र जारी किए गए। कृषि विभाग ने किसानों को बीज वितरित किए, जबकि डाक विभाग ने आधार कार्ड बनाने और आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराईं। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

राज्यस्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

पौड़ी के मुक्केबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

कोटद्वार (चिंगारी)। जनपद नैनीताल के जिला खेल कार्यालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय आमंत्रण बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पौड़ी जिले के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जिले ने ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि यूथ बालक वर्ग में पहला स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। प्रतियोगिता में बॉक्सिंग कोच खुशबू ने निर्णायक की भूमिका निभाई। राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम इंचार्ज एवं बॉक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि प्रतियोगिता के यूथ बालक वर्ग में पौड़ी के खिलाड़ियों ने पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। अभिषेक ने 47-50 किग्रा, अंशवीर ने 50-55 किग्रा, लक्की बगड़वाल ने 55-60 किग्रा, मयंक नेगी ने 65-70 किग्रा और रक्षित जोशी ने 75-80 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, अंश बेदवाल ने 60-65 किग्रा में रजत और प्रत्यूष डोभाल ने इसी भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। सीनियर बालिका वर्ग में मानसी नेगी ने 70-75 किग्रा और भूमिका बृजवासी ने 45-48 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा वंश खाती, युवराज आर्या, अभय धामी, कनन और हंशिका ने भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

शाबाश काया! शतरंज में रजत पदक पाया, ऋतु खंडूड़ी ने सम्मानित किया

कोटद्वार (चिंगारी)। मलेशिया के क्वालालालंपुर में आयोजित कॉमनवेल्थ स्कूल शतरंज चैंपियनशिप 2026 में अंडर-11 बालिका वर्ग में भारत की आधिकारिक खिलाड़ी के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तराखंड की होनहार शतरंज खिलाड़ी काया ध्यानी ने रैपिड शतरंज में रजत पदक और क्लासिकूल शतरंज में कांस्य पदक जीतकर देश एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया।



कोटद्वार के होटल ग्रैंड कैलाश में आयोजित सम्मान समारोह में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण ने काया ध्यानी को सम्मानित किया। उन्होंने काया की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। काया ध्यानी देहरादून के कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा हैं। शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ वे पढ़ाई में भी लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। काया की पारिवारिक जड़ें कोटद्वार से जुड़ी हैं और अपनी जन्मभूमि के प्रति परिवार के गहरे भावनात्मक लगाव के कारण ही इस सम्मान समारोह का आयोजन कोटद्वार में किया गया। इस अवसर पर जिला माहेश्वरी सभा जनपद बिजनौर के अध्यक्ष गोविंद लड्डा भी मौजूद थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

जागीपुरा में नाले में गिरने से मासूम बच्चे की मौत

धामपुर (चिंगारी)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोगीपुरा में घर के नजदीक नाले के पास खेल रहे एक मासूम की नाले में गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने नाले के निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोगीपुरा निवासी कौशिक कुमार मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उनका 2 वर्षीय पुत्र किड्डू घर के बेहद नजदीक नाले में गिर गया। परिजनों को काफी देर तक नाले में गिरने की जानकारी नहीं हो सकी। करीब 4 घंटे के बाद जब परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की तो मासूम का शव नाले में तैरता हुआ दिखाई दिया। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। ग्रामीणों की मदद से बालक को नाले से बाहर निकला गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव में कुछ समय पहले ही नाले का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया गया और नाले को पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया गया। मृतक बालक के चाचा मोनू कुमार ने बताया कि नाले का निर्माण पूरा करने और उसे सुरक्षित बनाने के लिए कई बार ठेकेदार से कहा गया, लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। उनका आरोप है कि निर्माण में बरती गई लापरवाही के कारण यह दुर्घटना घटी है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी प्राप्त की। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने नाले के निर्माण की जांच करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की, हादसे की जानकारी मिलने के बाद आजाद समाज पार्टी धामपुर के संभावित प्रत्याशी विवेक कुमार सेन भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मासूम की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।









